दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 97 जयपुर, शनिवार, 16 मार्च, 2024 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष- सप्तमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00





देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी
की गारन्टी साकार होने पर पानी वाले बाबा रामनिवास मीना द्वारा आयोजित

## ERCP स्वीकृति धन्यवाद क्विज-2024

प्रतियोगिता में शामिल हुए
30 लाख प्रतिभागियों
और प्रतियोगिता में शामिल होने वाले
3 लाख प्रतियोगियों के साथ सभी विजेताओं को
हार्दिक शुभकामनाएं



रविन्द्र मीना
मुख्य संयोजक
ERCP किसान विकास समिति (रजि.)



रामनिवास मीना
(पानी वाले बाबा)
अध्यक्ष - ERCP किसान विकास समिति (रजि.)

ERCP की सफलता के उत्सव में शामिल होने पर सभी का हार्दिक धन्यवाद

ये बने हैं ERCP चैम्पियन
पूर्वी राजस्थान में बदलाव के योद्धा


प्रथम पुरस्कार मोटरसाईकिल


द्वितीय पुरस्कार लैपटॉप


तृतीय पुरस्कार स्मार्ट फोन

नोट - उपहारों के चित्र मात्र सजावटी हैं,वास्तविक उपहार उक्त चित्रों सेभिन्न हो सकते हैं।



| जिले का नाम | प्रथम विजेता | द्वितीय विजेता | तृतीय विजेता |
|---|---|---|---|
| दौसा | दिनेश कुमार सैनी<br>अलूदा, दौसा | मुकेश कुमार सैनी<br>बहरावड़ा, दौसा | लालू प्रसाद वैरवां<br>श्री रामपुरा, दौसा |
| अलवर | राहुल कुमार अहीर<br>गुनसार | हरिओम मीना<br>कुट्टीन, सादवास | महेश कुमार मीना<br>कुट्टीन, सादवास |
| जयपुर | नवरतन कुमार सेठी<br>केकरी | गोपाल लाल यादव<br>दुर्गा का वास | रिषभ जैन<br>वार्ड नं. 11 जोबनेर |
| अजमेर | नरसीराम जाट<br>रूपनगढ़, पानेर | मधु चौधरी<br>वेगलियावास, मसूदा | आशीष कुमार<br>देलवारा |
| टोंक | गिर्राज सैनी<br>दंगरथल | प्रशांत मीना<br>गोविन्दपुरा, खानवाला | मनीषा देवी<br>रमजानगंज, रूपपुरा |
| सवाई माधोपुर | रसपाल मीना<br>सिरसाली, डाबर | महेश गुर्जर<br>एवरा, सवाई माधोपुर | गोपाल लाल शर्मा<br>पिपलाई, सवाई माधोपुर |
| धौलपुर | यश वर्मा<br>मलकपाड़ा, बाड़ी | रोहित सिंह<br>भीम नगर, सरमथुरा | राज बहादुर सिंह<br>दिनकटा,दौपरा |
| करौली | हितेश कुमार गर्ग<br>गुढाचन्द्रजी | विजेन्द्र मीना<br>सालाबाद | सोनू कुमार मीना<br>लाड़पुर, मान्नौज |
| भरतपुर | निशा जैन<br>रंजीत नगर, भरतपुर | बबीता कुमारी प्रजापत<br>कैर, भरतपुर | नितेश उपाध्याय<br>डीग, भरतपुर |
| कोटा | निक्की मेहरा<br>वार्ड नं.20, कोटा | नरेन्द्र करेलिया<br>चेचट, दौलीखल्ला | विमल जयसवाल<br>लाड़पुरा |
| बूंदी | नरेश कुमार गोयल<br>वार्ड नं. 18, देई | अक्षिता सोनी<br>बूंदी | खुशबू शर्मा<br>इन्द्रगढ़, मोहनपुरा |
| बांरा | सुखवीर मीना<br>शीशवाली, बांरा | साधना कुमारी मेघवाल<br>पिपलाया, जागीर, खोपर | अजय सैन<br>वार्ड नं. 23, अंता |
| झालावाड़ | गोविन्द सिंह सोंदिया<br>मोगरा, झालावाड़ | दिनेश कुमार लोधा<br>पदलिया, सोरती | गौरव हरदेनियाँ<br>झालावाड़ |

अन्य विजेता
हर जिले में 100 अन्य विजेता भी, जिन्होंने जीते हैं चाँदी के सिक्के

परिणाम देखने और प्रोत्साहन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए विजिट करें
www.ramniwasmeena.com
result.ramniwasmeena.com

विजेताओं के आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर शीघ्र वितरित किए जाएंगे उपहार

निवेदक - पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति (रजि.)
सम्पर्क सूत्र - 9351418480, 8619025640

## जरूरी खबर

### विधायक रितु बनावत ने शिव सेना में हुईं शामिल



**बेधड़क.जयपुर।** भरतपुर के बयाना विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक डॉ. रितु बनावत ने अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को समर्थन दिया है। शुक्रवार को मुंबई में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में उनके वर्षा निवास पर आयोजित कार्यक्रम में बनावत ने शिवसेना की रीति-नीतियों और एकनाथ शिंदे की विचारधारा में भरोसा जताया। सीएम शिंदे ने विधायक बनावत को शिवसेना पार्टी का दुपट्टा और ध्वज भेंटकर उनके शामिल होने की घोषणा की।

### पुलिस अधिकारी 50 हजार की रिश्वत लेते धरा

**बेधड़क.जयपुर।** रेप केस के आरोपी को गिरफ्तार नहीं करने के लिए पुलिस का एक अधिकारी 50 हजार रुपए की रिश्वत ले रहा था। लेकिन उसी समय एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामला राजस्थान के झूंझुनूं जिले से सामने आया है। जहां ACB के अधिकारियों को पुलिस उप निरीक्षक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। अब उससे मामले में आगे की पूछताछ की जा रही है। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी पुलिस अधिकारी पश्चिम बंगाल पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। उसका नाम स्वप्न कुमार राय है। उसने रेप केस में आरोपी को गिरफ्तार नहीं करने के लिए एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।

### स्कूल में गंदगी का अंबार देख भड़के शिक्षा मंत्री



**बेधड़क.जयपुर।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर शुक्रवार को बीकानेर में रहे। यहां उन्होंने सर्किट हाउस में संभाग के शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली। साथ ही शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए दिलावर ने उन्हें उनके कामकाज के तरीकों को बदलने की नसीहत दी। इस दौरान दिलावर ने अधिकारियों को कई बार आड़े हाथ लिया। इसके अलावा दिलावर ने स्वीकार किया कि शुक्रवार को उन्होंने जिस स्कूल का दौरा किया, वहां की हालत बहुत खराब थी। स्कूल परिसर में गंदगी का अंबार लगा था। साथ ही शौचालय की स्थिति और भी अधिक खराब नजर आई। इतना ही नहीं शिक्षा मंत्री ने बताया कि उसी स्कूल में एक आंगनबाड़ी भी संचालित होता है।

**राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा... भजनलाल सरकार वादे पर खरी उतरी**

# कांग्रेस के राज में सबसे महंगा प्रदेश था राजस्थान: तिवाड़ी

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश की भजनलाल सरकार को 'वंडर' सरकार बताया।

सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि महज 90 दिन में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने प्रदेश की 73 लाख महिलाओं को 450 रुपए में एलपीजी सिलेंडर देने का वादा पूरा किया। वहीं चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेट्रोल-डीजल की दरों की समीक्षा के लिए कहा था, लेकिन कल केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर 2 रुपए कम किए और प्रदेश की भजनलाल सरकार ने 2 प्रतिशत वैट और फ्रेट घटाकर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में पेट्रोल-डीजल की दरों में विसंगतियों को दूर किया है। तिवाड़ी ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के समय राजस्थान देश का सबसे महंगा प्रदेश कहलाता जाता था, लेकिन भाजपा सरकार आते ही एलपीजी गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल की दरों को कम करने से महंगाई पर नियंत्रण होने लगा है।



### पेपर लीक प्रकरण में त्वरित कार्रवाई

तिवाड़ी ने कहा कि राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत कर दिया। इससे राज्य सरकार को 1640 करोड़ का अतिरिक्त भार वहन करना पड़ेगा। वहीं पेट्रोल-डीजल पर वैट-फ्रेट कम करने से 1750 करोड़ रुपए तेल कंपनियों को चुकाएगी। एसआईटी द्वारा त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यही एसआईटी पहले भी थी और आज भी है। भजनलाल सरकार द्वारा एसआईटी गठन के बाद पेपर लीक के 65 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है । वहीं 20 डमी कैंडिडेट व सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई करते हुए 15 हजार लोगों को पाबंद किया गया है।

### ऊर्जा के क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर

प्रदेश की भजनलाल सरकार ने थर्मल पावर प्लांट के लिए कॉल आवंटन के समय ही समुचित कोयला खरीदकर आपूर्ति को सुनिश्चित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद रूस से 30 प्रतिशत क्रूड खरीदकर रिफाइनरी से शुद्ध कर यूरोप में एक्सपोर्ट करने का काम किया है। ऊर्जा के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और देश के भीतर ऊर्जा तंत्र मजबूत हो रहा है। ईआरसीपी समझौते के बाद जहां पहले 13 जिलों को इससे लाभ मिलने की बात कही गई थी अब इस समझौते का विस्तार करते हुए 21 जिलों को पानी मिलेगा। वहीं यमुना जल समझौते के बाद प्रदेश के झुंझुनू, चुरू, सीकर और नीमकाथाना जिलों को इस योजना का सीधा लाभ मिलेगा। प्रेसवार्ता के दौरान मंच पर प्रदेश महामंत्री एवं विधायक जितेन्द्र गोठवाल, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक कुलदीप धनकड़ और भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ मौजूद रहे।

**राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने CM का जताया आभार**

# आमजन का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: सीएम

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि आमजन का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा हमारी डबल इंजन सरकार डबल स्पीड से काम कर आम जन को राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में पेट्रोल व डीजल पर वैट में कमी की गई है, जिसका फायदा सभी प्रदेशवासियों को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि अलग-अलग जिलों में पेट्रोल व डीजल की दरों में विसंगति दूर करने के निर्णय से सीमावर्ती जिलों के लोगों तथा पेट्रोल पंप डीलर्स को लाभ मिलेगा। यह बात शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों की ओर से ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात के दौरान कही।

एसोसिएशन के सदस्यों ने पेट्रोल और डीजल पर वैट कम करने और "एक राज्य, एक कीमत" को लागू करने को बहुप्रतीक्षित एवं ऐतिहासिक कदम बताया और मुख्यमंत्री का आभार जताया। सदस्यों ने मुख्यमंत्री को साफा पहना कर तथा मुंह मीठा करवा कर उनका स्वागत अभिनंदन किया। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र सिंह भाटी ने राज्य सरकार के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि वैट दरों में 2 प्रतिशत कमी लाने का राज्य सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है। साथ ही, अलग-अलग जिलों में दरों की विसंगति दूर होने के बाद राजस्थान अब देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां एक राज्य-एक कीमत प्रभावी हो गई है।

**■ वैट दरों में कमी से मिलेगी सभी प्रदेशवासियों को राहत**



### वैट में दो प्रतिशत की कमी

गुरुवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा पेट्रोल तथा डीजल पर वैट में 2 प्रतिशत की कमी की गई है। साथ ही, पेट्रोलियम विपणन कम्पनियों द्वारा सेकेण्डरी फ्रेट को युक्तिसंगत किया गया है। इन निर्णयों से आमजन को बड़ी राहत मिली है और प्रदेश में पेट्रोल पर 1 रुपए 40 पैसे से लेकर 5 रुपए 30 पैसे प्रति लीटर तथा डीजल पर 1 रुपए 34 पैसे से लेकर 4 रुपए 85 पैसे प्रति लीटर तक कमी हुई है।

### जन सुनवाई में सुनी समस्याएं

मुख्यमंत्री शर्मा ने ओटीएस आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुनी। गुर्जर समाज के प्रतिनिधि मंडल से भी विभिन्न सामाजिक विकास के विषयों पर चर्चा की। सीएम सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान करने के लिए निर्देशित किया।

### CM ने तीन को निरीक्षक पद पर दी विशेष पदोन्नति

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने के लिए तीन उप निरीक्षकों को विशेष पदोन्नति प्रदान किए जाने की स्वीकृति प्रदान की है। राज्य सरकार के निर्णयानुसार उप निरीक्षक सुनील ताड़ा, सुरजीत ठोलिया एवं अशोक बिशु को उत्कृष्ट कार्य के लिए निरीक्षक के पद पर विशेष पदोन्नति प्रदान की गई है। इनके सराहनीय कार्य के कारण ही आतंक का पर्याय बने और एक-एक लाख रुपए के इनामी मोस्ट वांटेड अपराधियों राजू फौजी और पाबूराम गोरछिया की अगस्त, 2021 में गिरफ्तारी संभव हो सकी।

### जयपुर में यह रही राशि

राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के जयपुर जिलाध्यक्ष लादू सिंह ने बताया कि वेट में कमी के बाद जयपुर में पेट्रोल की 104.90 व डीजल की 90.37 नई कीमत है। वहीं प्रदेश के अन्य जिलों में इस राशि से 1 रुपए के करीब अंतर है।

**317 अफसरों के तबादले**

# 208 पुलिस सर्किल में एक साथ डिप्टी SP बदले

**19 ACP सर्किल में से 15 अफसरों के तबादले**

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनावो से पहले राजस्थान में पहली बार एक साथ 317 डिप्टी एसपी रैंक के अफसरों की तबादले हुए है। सोमवार को पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी की गई तबादला सूची की पड़ताल में सामने आया कि प्रदेश में पुलिस के 269 सर्किल है। इनमें से 208 सर्किल पर लगे डिप्टी एसपी स्तर रैंक के अफसरों के तबादले कर दिए। इससे पहले जारी होने वाले तबादला सूची में ज्यादा से ज्यादा 80 से 120 डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारियों के ही नाम शामिल होते थे।

जयपुर कमिश्नरेट में एसीपी रैंक के अफसरों के 19 सर्किल है। इनमें से 15 सर्किल पर लगे अफसरों को बदला गया है। 31 ट्रेनी डिप्टी एसपी रैंक के अफसरों को सर्किल की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि पदोन्नत हुए 32 डिप्टी एसपी रैंक के अफसरों को नॉन फिल्ड पोस्टिंग दी गई है। वहीं एपीओ चल रहे 8 डिप्टी एसपी रैंक के अफसरों को भी पोस्टिंग दी गई है। तबादला सूची में खास बात रही कि इस बार मानसरोवर में किसी प्रोबेशनर आईपीएस की पोस्टिंग नहीं करके एसीपी संजय शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। पिछले तीन साल से मानसरोवर सर्किल में आईपीएस अफसर को लगाया जा रहा था।

### इन में लगाए एसीपी

आदेशों के अनुसार जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में कैलाश जिंदल को एसीपी सोढ़ाला, हरिशंकर शर्मा को एसीपी रामगंज, मुकेश चौधरी बस्सी, आदित्य पुनिया को मालवीयनगर, आलोक कुमार गोतम को वैशालीनगर, गोपाल सिंह ढाका को गांधीनगर, शिवरतन गोदारा को आमेर, अमीर हसन को चाकसू, अशोक चौहान को चौमू, अनूप सिंह को कोतवाली, बालाराम जाट को अशोक नगर, लक्ष्मी सुथार को आदर्शनगर, सुरेन्द्र सिंह को बगरू और अनिल शर्मा को सदर एसीपी के पद पर लगाया है।

### ट्रैफिक में चारों एसीपी बदले

जयपुर कमिश्नरेट में ट्रैफिक में लगे चारों एसीपी रैंक के अफसरों को बदला गया है। आदेशों के अनुसार एसीपी ट्रैफिक पूर्व जितेन्द्र सिंह, एसीपी ट्रैफिक पश्चिम राजेन्द्र कुमार रावत, एसीपी ट्रैफिक दक्षिण धर्मवीर सिंह और उत्तर में एसीपी ट्रैफिक के पद पर राजेन्द्र सिंह को लगाया है। जबकि चन्द्र प्रकाश को एसीपी साइबर क्राइम कार्यालय कमिश्नर कमिश्नरेट जयपुर, अमर सिंह को एसीपी कंट्रोल रूम जयपुर कमिश्नरेट, किशोर सिंह को एसीपी साइबर क्राइम उत्तर व हरिराम जाखड़ को साइबर क्राइम पश्चिम जयपुर कमिश्नरेट व राजेन्द्र सिंह को एसीपी पुलिस लाइन लगाया है।

**जलदाय विभाग के संयुक्त शासन सचिव ने दिए आदेश**

# बकाया जमा कराने पर नहीं लगेगा ब्याज

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से शुक्रवार को प्रदेश के पेयजल उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। 31 मई तक एक मुश्त बकाया जमा कराए जाने पर ब्याज और जुर्माने की राशि में शत प्रतिशत छूट की घोषणा की गई है।

इस संबंध में संयुक्त शासन सचिव प्रथम प्रवीण कुमार लेखरा की ओर से एक आदेश भी जारी किया गया है। जलदाय विभाग की ओर से राजस्थान जलप्रदाय व सीवरेज प्रबंधन मंडल को दी गई शक्तियों का उपयोग कर यह आदेश दिया गया है। इस आदेश में कहा गया है कि राज्य की सभी नगरीय व ग्रामीण पेयजल योजनाओं के सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के 31 मार्च, 2023 तक के बकाया जल प्रभार शुल्क के बकाया राशि पर ब्याज और जुर्माने में 31 मई, 2024 तक एक साथ जमा कराए जाने पर शत प्रतिशत छूट दी गई है। जलदाय विभाग का यह आदेश वित्त विभाग से भी अनुमोदित कराया गया है और यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है. आदेश के अनुसार 31 दिसंबर 2023 के बाद से आदेश जारी होने तक निस्तारित मामलों को दोबारा नहीं खोला जाएगा। गौरतलब है कि जलदाय विभाग के लाखों पेयजल उपभोक्ताओं के बिल लंबे समय से बकाया है। इसके कारण विभाग को भी राजस्व नहीं मिल पा रहा था।




**अजमेर-जयपुर डेमू ट्रेन का होगा विस्तार, ट्रेक दौड़ेगी दौसा गंगापुर सिटी रेल**

# 26 साल का इंतजार खत्म, सुनाई देगी ट्रेन की सिटी

**बेधड़क** | जयपुर

जिलेवासियों को 26 साल के लंबे इंतजार के बाद रेल इंजन की सीटी सुनाई देगा। शनिवार से दौसा-गंगापुर सिटी नई रेल लाइन पर ट्रेनों का नियमित संचालन शुरू होगा।

पिछले दिनों हुए सीआरएस निरीक्षण के बाद रेलवे द्वारा इस रूट पर ट्रेनों के संचालन को हरी झंडी दे दी गई। इसके लिए अजमेर-जयपुर-अजमेर रेल सेवा का दौसा- गंगापुर सिटी स्टेशन तक विस्तार किया गया है। जिसे शनिवार सुबह सांसद जसकौर मीणा व टोंक-सवाई माधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया रवाना करेंगे। यह रविवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन चलेगी। 95 किलोमीटर लंबे इस रूट पर ट्रेनों का संचालन शुरू होने के साथ दिल्ली-अहमदाबाद व दिल्ली-मुंबई जैसे रेल रूट भी जुड़ जाएंगे। इससे कई लंबे रूट की ट्रेनों को दौसा-गंगापुर ट्रेक से गुजारा जा सकता है। बता दें कि केंद्र सरकार ने अंतरिम बजट में इस रेल परियोजना के लिए 150 करोड रुपए का प्रावधान किया था, जिसके बाद करीब 95 किमी लंबी रेल सेवा को हरी झंडी दे दी गई। सांसद जसकौर मीणा ने बताया कि 1998 में स्वीकृत दौसा को गंगापुर से जोड़ने वाली रेल लाइन परियोजना की शनिवार से शुरुआत होगी। इस मुद्दे को लेकर हम लंबे समय से प्रयास कर रहे थे। अब इस रेल के संचालन से दौसा और गंगापुर वासियों को आवागमन में काफी राहत मिलेगी।



### यह रहेगा ट्रेन का शेड्यूल

उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 09605, अजमेर-गंगापुर सिटी की वाया दौसा चलने वाली डेमू रेलसेवा 16 मार्च से अजमेर से सुबह 7 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 9.45 बजे आगमन व सुबह 9.50 बजे प्रस्थान कर 11.05 बजे दौसा होते हुए 2 बजे गंगापुर सिटी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी डेमू रेलसेवा 16 मार्च से गंगापुर सिटी से 3 बजे रवाना होकर शाम 5.35 बजे दौसा होते हुए जयपुर स्टेशन पर शाम 7 बजे आगमन व 7: 05 बजे प्रस्थान कर रात 11.15 बजे अजमेर पहुंचेगी।

**केंद्रीय मंत्री संजीवनी घोटाले मामले में लगाए आरोप**

# मुझे फंसाने के लिए गहलोत ने वकीलों को दिए 40 करोड़ रुपए: शेखावत

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीति अब गरमाने लगी है। भाजपा-कांग्रेस द्वारा प्रत्याशियों की दो-दो लिस्ट जारी किए जाने के बाद दोनों दलों के उम्मीदवार अपने-अपने चुनावी क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं। इस सक्रियता के साथ-साथ नेताओं के एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जोधपुर लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत पर बड़ा आरोप लगाया। संजीवनी घोटाले से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए शेखावत ने कहा कि गहलोत ने मुझे फंसाने के लिए वकीलों को 40 करोड़ रुपए दिए।



### पेट्रोल-डीजल की कीमत में कटौती का जिक्र

दरअसल शुक्रवार को जोधपुर के सर्किट हाउस में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की तरफ से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया था। प्रेस वार्ता के दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां के साथ-साथ प्रदेश में नई बनी भाजपा की सरकार को लेकर मीडिया से बातचीत में कहा कि नई सरकार बनने के साथ ही चुनावी घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कार्य कर रहे हैं।

### मैं कोई भी अग्निपरीक्षा देने को तैयार

प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया द्वारा संजीवनी कोऑपरेटिव सोसाइटी के मामले में चल रहे मामले में शेखावत से जब सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसी सर्किट हाउस के बाहर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उनके मुँह पर कालिख पोतने का प्रयास किया था, जिसमें मानहानि का केस चल रहा है और आज भी वह अदालत में हाथ जोड़कर अपराधी की तरह खड़े थे। मैं उस दिन भी कह रहा था और आज भी कहता हूं कोई भी अग्नि परीक्षा देकर निकलने को तैयार हूं।

### पूर्व सीएम को मांगनी पड़ेगी माफी अन्यथा खत्म हो जाएगी राजनीति

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि आज तक कोई भी मेरे को लांछन नहीं लगा सका, ना लगा सकेगा। यह झूठ खड़ा करने वाले खुद झूठ की अग्नि में जलकर खाक हो जाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने मुझे फंसाने के लिए 40 करोड़ रुपए सरकारी अधिवक्ताओं को दिए थे। वहीं अब उनके खिलाफ जो मानहानि का मामला चल रहा है उसमें दो करोड़ रुपए सरकार के खर्च किए जा चुके हैं। यह पैसा जनता का पैसा है। उन्होंने कहा कि जो भी आरोप लगाए गए हैं, वह तमाम आरोप झूठे हैं और आने वाले समय में जब कोर्ट का फैसला आएगा, तब पता चल जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री को या तो मांगनी पड़ेगी माफी और नहीं तो हमेशा के लिए पॉलिटिक्स से छुट्टी हो जाएगी।

### परिवारवाद पर बोले- योग्यता है तो हकदार हैं

वहीं भाजपा द्वारा परिवारवाद का जो आप कांग्रेस पार्टी पर लगती है लेकिन खुद की पार्टी के मंत्री गजेन्द्र सिंह खिवसर के पुत्र को आरसीए अध्यक्ष और कानून एवं विधि मंत्री के पुत्र को अतिरिक्त महाधिवक्ता बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह कोई परिवारवाद नहीं है। अगर किसी की योग्यता है तो वह इसका हकदार है। परिवारवाद तो एक ही परिवार में मंत्री विधायक और सांसद बनाने को कहते हैं।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 97 जयपुर, शनिवार, 16 मार्च, 2024 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष- सप्तमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00






# पिंकसिटी को फाउंटेन स्क्वायर समेत तीन नए प्रोजेक्ट्स का तोहफा

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से एक दिन पहले राजधानी जयपुर को तीन नए प्रोजेक्ट्स की सौगात मिली। इनमें झोटवाड़ा में राव शेखाजी आरओबी, मानसरोवर में सिटी पार्क का दूसरा चरण और बी-2 बाईपास में अंडरपास के जनहित से जुड़े प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इनका उद्घाटन उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, शहरी विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और सांसद रामचरण बोहरा ने किया। मानसरोवर में 40 करोड़ की लागत से फाउंटेन स्क्वायर का निर्माण किया गया है। इस पार्क में एक बड़ा फव्वारा लगाया है। इसमें रात में लाइट और म्यूजिक शो होगा। इसमें फव्वारों के साथ लाइटिंग एंड साउंड के मिश्रण के साथ पानी की अठखेलियों का रोमांच मन को सुकून देने वाला होता है। इसी पार्क में बने बॉटनिकल गार्डन का भी लोकार्पण किया गया। स्क्वायर फाउंटेन का अभी प्रवेश शुल्क तय नहीं हुआ है।

**फोटो: राजेश कुमावत**

## जरूरी खबर

### चुनाव आयोग आज करेगा लोकसभा चुनाव का ऐलान




**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव-2024 का अब इंतजार खत्म होने वाला है। शनिवार दोपहर तीन बजे प्रेस कान्फ्रेंस करके मुख्य चुनाव आयोग चुनाव की तारीखों का ऐलान करेगा। चुनाव का ऐलान होते ही पूरे देश में आचार संहिता लागू हो जाएगी। आचार संहिता मतगणना होने तक लागू रहेगी। इसी दौरान अगर किसी ने आचार संहिता का उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर चुनाव आयोग ने जिले के डीएम और एसपी को शांति व्यवस्था बनाए रखने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### अब रोडवेज की एसी बसें दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस मार्ग पर

**जयपुर।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम अब दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस मार्ग पर भी एसी डीलक्स बसों का संचालन शुरू करेगा। इस मार्ग पर बसों का संचालन शनिवार से शुरू होगा। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस मार्ग से होकर जयपुर से दिल्ली के लिए प्रतिदिन सुबह 6 बजे और दोपहर 2 बजे डीलक्स बसों का संचालित की जाएगी। वही इस मार्ग पर दिल्ली से जयपुर के लिए डीलक्स बसें दोपहर 1.30 बजे और रात्रि 11:15 बजे संचालित की जाएगी। जयपुर से दिल्ली एवं दिल्ली से जयपुर वाया दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे डीलक्स बसों (वॉल्वो/स्कैनिया) का किराया 790 रुपए होगा। यात्री इस मार्ग पर कम समय में अपने गंतव्य तक पहुंच पाएंगे।

## लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक और झटका

# पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव ने दिया इस्तीफा


**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव की तारीख का आयोग शनिवार को ऐलान करेगा। इसके पहले प्रदेश कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। अलवर से वरिष्ठ कांग्रेस नेता और दो बार सांसद रहे डॉ. करण सिंह यादव ने 'हाथ' छोड़ दिया है। उनके बीजेपी में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही है। उन्होंने शुक्रवार को बहरोड़ में पत्रकार वार्ता में अलवर लोकसभा से प्रत्याशी नहीं बनाए जाने से नाराज होकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। करण सिंह ने अपना इस्तीफा पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा को भेज दिया है।

डॉ. करण सिंह यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राजाओं के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए सत्ता हासिल की है। अब राजाओं की ओर से कांग्रेस पार्टी को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। अलवर के राजघराने के सदस्य भंवर जितेंद्र सिंह की ओर से उनके राजनीतिक कैरियर को बर्बाद किया गया है। वह विनिंग कैंडिडेट थे। इसके बावजूद कांग्रेस ने एक आदमी के विरोध के चलते उनका टिकट काट दिया। इस पार्टी में उनके रहने का कोई औचित्य नहीं है।

डॉ. करण सिंह यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी उनको टिकट नहीं दिया गया था। तभी उन्हें कांग्रेस पार्टी छोड़ देनी चाहिए थी। यह उनकी गलती रही। तब उन्होंने कांग्रेस पार्टी नहीं छोड़ी, लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि पार्टी लोकसभा में उन्हें टिकट देगी।

हालांकि पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र सिंह की वजह से उन्हें टिकट नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में उनकी भूमिका कांग्रेस पार्टी के खिलाफ रहेगी।



## महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में हुई शामिल

# बयाना विधायक रितु बनावत ने की शिव सेना जॉइन

**बेधड़क** | जयपुर

बयाना से निर्दलीय विधायक रितु बनावत ने मुंबई में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिव सेना की सदस्यता ग्रहण की है। इससे पहले गहलोत सरकार में बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने शिव सेना ज्वॉइन की थी। प्रदेश में शिव सेना धीरे-धीरे अपने पैर पसार रही है। इसी कड़ी में भरतपुर के बयाना से निर्दलीय विधायक रितु बनावत शिव सेना में शामिल हो गई हैं। रितु बनावत ने मुंबई में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिव सेना की सदस्यता ग्रहण की है। इससे पहले गहलोत सरकार में बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने शिव सेना ज्वॉइन की थी। उल्लेखनीय है कि रितु बनावत भरतपुर जिले के बयाना की विधायक हैं। इस चुनाव से पहले बीजेपी ने उनका टिकट काट दिया। क्योंकि वह 2018 का चुनाव हार गई थीं। टिकट कटने के कारण उन्होंने बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ा। इस चुनाव में बयाना विधानसभा सीट में उन्होंने जीत हासिल की। इस दौरान कुल 54.94% वोट पड़े। इसमें निर्दलीय ऋतु बनावत ने कांग्रेस के अमर सिंह जाटव को 40,642 के बड़े अंतर से हराया। निर्दलीय चुनाव जीतने के बाद भी ऋतु ने बीजेपी सरकार को ही अपना समर्थन दिया था।



## दिल्ली शराब घोटाले में ED की बड़ी कार्रवाई

# तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर की बेटी कविता को किया गिरफ्तार

**एजेंसी** | हैदराबाद

दिल्ली के कथित शराब घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए ईडी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें हैदराबाद से दिल्ली लाया गया है। दिल्ली के शराब घोटाले मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप नेता संजय सिंह को गिरफ्तार करने के बाद ये तीसरी बड़ी गिरफ्तारी है।

सूत्रों के मुताबिक शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने के कविता को पूछताछ के लिए दो समन भेजे थे, लेकिन वह पूछताछ में शामिल नहीं हुईं। इसके बाद एजेंसी ये एक्शन लिया। इससे पहले उनके हैदराबाद स्थित घर की तलाशी भी ली गई थी। ईडी ने आखिरी बार उनसे इस मामले मार्च, 2023 में पूछताछ की थी। कविता पर आरोप है कि वह आम आदमी पार्टी के कम्युनिकेशन प्रमुख विजय नायर के संपर्क में थीं जो शराब नीति के निर्माण और कार्यान्वयन के दौरान शराब उद्योग से जुड़े व्यापारियों और राजनेताओं से बात कर रहे थे।

जांच एंजेंसियों का आरोप है कि शराब घोटाला मामले में साउथ का एक ग्रुप भी शामिल है। इस ग्रुप का हिस्सा के कविता भी थीं। आरोप है कि इस ग्रुप और आम आदमी पार्टी के बीच एक डील हुई थी। इसके तहत इस ग्रुप ने आम आदमी पार्टी को बड़ी रकम का भुगतान किया था। के कविता के पूर्व चार्टेड अकाउंटेंट गोरंटला बुचिबाबू ने फरवरी, 2023 में ईडी के सामने दर्ज किए गए अपने बयान में कहा था कि के कविता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के बीच एक राजनीतिक डील हुई थी। इस मामले पर के कविता ने 19-20 मार्च, 2021 को विजय नायर से भी मुलाकात भी की थी।



### क्या है दिल्ली का शराब घोटाला?

**कोविड काल में केजरीवाल सरकार ने दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 लागू की थी। इसमें शराब नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितता की शिकायतें आईं। इसके बाद उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की। इसके साथ ही दिल्ली आबकारी नीति सवालों के घेरे में आ गई। हालांकि, नई शराब नीति को बाद में अनियमितताओं के आरोपों के बीच रद्द कर दिया गया था।**

### केसीआर के बेटे केटी रामाराव की ईडी अफसरों से बहस

गिरफ्तारी के दौरान केसीआर के बेटे केटी रामाराव की अफसरों से बहस भी हुई। उन्होंने आवास में परिवारजनों को एंट्री से रोकने पर सवाल उठाए तो अधिकारियों ने रामाराव को गिरफ्तारी की प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेज दिखाए। उन्होंने अधिकारियों को बड़ी मुसीबत का सामना करने की धमकी दी। इस पर ईडी अधिकारी ने कहा कि आपके पास कानूनी राहत का रास्ता खुला है।

## नागपुर में RSS की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा शुरू

# लोकसभा चुनाव से पहले RSS ने अपने ट्रेनिंग कार्यक्रम में किया बदलाव

**एजेंसी** | नागपुर

लोकसभा चुनावों के ऐलान से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक शुक्रवार को नागपुर में शुरू हो गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का शुभारंभ सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। 17 मार्च तक चलने वाली यह बैठक हर वर्ष आयोजित होती है। आरएसएस ने अपने ट्रेनिंग कार्यक्रमों में अहम बदलाव किया। इसके साथ ही कयास लगाए जा रहे हैं कि इस बैठक का मुख्य एजेंडा लोकसभा चुनाव 2024 होगा। इसके अलावा संदेशखाली, किसान आंदोलन, मणिपुर हिंसा जैसी घटना भी इस एजेंडे में शामिल होगी। संघ अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महामंत्री बीएल संतोष शामिल भी होंगे।

भारतीय प्रतिनिधि सभा के शुभारंभ के अवसर पर स्वामी दयानंद सरस्वती परिसर में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग के दौरान आरएसएस के सह सरकार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य ने कहा कि बैठक में 45 प्रांतों से 1500 से अधिक कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सामग्री और शब्दावली में बदलाव किया गया है। यह बदलाव इसी साल से लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संघ संपूर्ण समाज का संगठन है। इस अवसर पर अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर, अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख द्वय नरेंद्र कुमार और आलोक कुमार भी उपस्थित थे।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी होंगे शामिल



देशभर के 45 प्रांतों से 1500 से अधिक कार्यकर्ता हो रहे हैं शामिल

### घर-घर जाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए करेंगे प्रेरित

आरएसएस के सह सरकार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो, इसके संघ स्वयंसेवक घर-घर जाकर जन जागृति करेंगे। इसके साथ ही अहिल्याबाई होल्कर की जन्म की त्रिशताब्दी वर्ष मई, 2024 से अप्रैल 2025 तक मनाई जाएगी। अहिल्याबाई होल्कर ने देशभर के धार्मिक स्थलों का पुनर्निमाण करवाया और अभावग्रस्त लोगों के आर्थिक स्वावलम्बन के लिए बहुत कार्य किए थे। इसके बारे में समाज को जानकारी नहीं है।

**संघ की रोजाना लगती है 73 हजार से ज्यादा शाखाएं:** डॉ. मनमोहन वैद्य ने कहा कि देशभर में संघ के 45 प्रांत हैं। देशभर के 27 हजार 720 मंडलों में संघ की रोजाना 73 हजार 117 दैनिक शाखाएं लगती हैं। इन शाखाओं में 60% विद्यार्थी और 40% नौकरी अथवा व्यवसाय करने वाले कार्यकर्ताओं का समावेश है। इसमें 40 वर्ष से अधिक आयु के प्रौढ़ों की संख्या 11% है। साप्ताहिक मिलन की संख्या 27,717 है, जिसमें गत वर्ष से 840 साप्ताहिक मिलनों की वृद्धि हुई।

**संघ शिक्षा वर्ग के पाठ्यक्रम में बदलाव:** संघ शिक्षा वर्ग की रचना में नवीन पाठ्यक्रम जोड़ने का निर्णय हुआ है। पहले संघ शिक्षा वर्ग की रचना में - 7 दिनों का प्राथमिक शिक्षा वर्ग, 20 दिनों का प्रथम वर्ष, 20 दिनों का द्वितीय वर्ष और 25 दिनों का तृतीय वर्ष होता था। अब आगे नवीन रचना में 3 दिनों का प्रारंभिक वर्ग, 7 दिनों का प्राथमिक शिक्षा वर्ग तथा 15 दिनों का संघ शिक्षा वर्ग तथा कार्यकर्ता विकास वर्ग-एक 20 दिन और 25 दिनों का कार्यकर्ता विकास वर्ग-2 होंगे।

## जरूरी खबर

### तनोट माता मंदिर की वेबसाइट लॉन्च मिलेगी कई सुविधा




**जैसलमेर।** भारत-पाक बॉर्डर स्थित तनोट माता मंदिर की वेबसाइट शुक्रवार को लॉन्च की गई। सीमा सुरक्षा बल के नॉर्थ सेक्टर के डीआईजी योगेंद्र सिंह राठौड़ ने इसे लॉन्च किया। इस दौरान सीमा सुरक्षा बल के कई अधिकारी, जवान और श्रद्धालु मौजूद रहे। डीआईजी राठौड़ ने बताया कि www.shritanotmatamandirtrust.com के नाम से लॉन्च हुई वेबसाइट में श्रद्धालुओं के लिए मंदिर की जानकारी के साथ-साथ कई सुविधाओं को ऑनलाइन किया गया है।

### कार की टक्कर से महिला की मौत, दो गंभीर घायल

**सीकर।** खाटूश्याम पैदल जा रहे श्रद्धालुओं के जत्थे को तेज रफ्तार इनोवा गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौके पर ही पर ही मौत हो गई। दो अन्य महिलाओं को गंभीर हालत में जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में रेफर किया गया। टक्कर मारने के बाद कार ड्राइवर भाग गया।जानकारी अनुसार महिलाओं का एक जत्था खाटूश्याम फाल्गुनी लक्खी मेले में बाबा श्याम के दर्शन करने के लिए सीकर से खाटूश्याम जा रहा था। इस दौरान पलसाना के पास चौहानों की ढाणी, मंडा मोड के पास इनोवा गाड़ी ने महिलाओं को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में राधाकिशन पुरा निवासी महिला के मौके पर ही मौत हो गई।

### यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर भांजी लाठीचार्ज



**बीकानेर।** कलेक्ट्रेट परिसर पर प्रदर्शन कर रहे यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पीठ और पैर में लाठियों के निशान बन गए। लाठीचार्ज में देहात यूथ कांग्रेस अध्यक्ष भंवर कूकणा और शहर अध्यक्ष प्रदीप शर्मा को गंभीर चोट आई है। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता शुक्रवार को बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुए थे। विरोध के दौरान ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बेरिकेड्स पर चढ़कर आगे जाने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं को जबरन नीचे उतारा गया। इस पर पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू कर दिया।

---

**सिर्फ सुल्तानपुर में एक किसान की उपज खरीदी,** कई जगह अभी तक टेंडर प्रक्रिया ही नहीं हुई पूरी

# व्यवस्थाओं के अभाव में खरीद अटकी... अधिकांश केंद्र सूने

**बेधड़क** | कोटा

प्रदेश की मंडियों में किसानों को सरसों और चने के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम में मिल रहे हैं। इसी के चलते किसान अपनी उपज को समर्थन मूल्य पर बेचने के इच्छुक हैं। राज्य सरकार ने भी हाड़ौती में किसानों के लगातार आग्रह के बाद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद इस साल जल्दी शुरू की है, ताकि किसानों की फसल को समय से खरीदा जा सके।

हालांकि, इसके लिए 12 मार्च से रजिस्ट्रेशन शुरू किए थे और 15 मार्च यानी आज से खरीद शुरू हुई है, लेकिन हाड़ौती के अधिकांश




केंद्र पर खरीद शुरू नहीं होगी। वहीं, जिन केंद्र पर खरीद शुरू हुई है, वहां पर किसान नहीं पहुंचे हैं। राजफैड के कार्यवाहक क्षेत्रीय अधिकारी विष्णु दत्त शर्मा का कहना है कि खरीद की व्यवस्था के 39 वर्क आर्डर जारी कर दिए हैं. जिनमें केवल हाड़ौती संभाग के एक केंद्र सुल्तानपुर में ही किसान माल बेचने पहुंचा है। जिससे 19 क्विंटल खरीद हुई है। अन्य केंद्र पर खरीद के शुरू नहीं हो पाने की वजह यह है कि किसानों की फसल को खरीदने के लिए तुलाई, स्टाफ, बारदाने से लेकर खरीद केंद्र पर व्यवस्था, माल के लोडिंग-अनलोडिंग और लॉजिस्टिक की व्यवस्था नहीं हुई है। कई जगह पर टेंडर प्रक्रिया ही अभी लंबित है।

इसी के चलते खरीद केंद्रों पर संवेदक ने व्यवस्था भी नहीं की। ऐसे में अधिकांश केंद्रों पर अगले एक-दो दिन खरीद होना मुश्किल है। बता दें कि प्रदेश के अन्य हिस्सों में 1 अप्रैल से खरीद शुरू की जानी है।

#### झालावाड़ और बूंदी में अभी टेंडर प्रक्रिया ही चल रही अधूरी

विष्णु दत्त शर्मा का कहना है कि समर्थन मूल्य पर सरसों चने की खरीद के लिए हाड़ौती में 57 केंद्र हैं, जिनमें कोटा में 11, बारां में 24, बूंदी में 7 और झालावाड़ में 14 केंद्र हैं। वहीं, बूंदी के हिंडोली केंद्र पर कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। इसके अलावा बूंदी के केशोरायपाटन के दो केंद्र पर भी टेंडर प्रक्रिया अधूरी है। यहां तक की झालावाड़ के 14 केंद्र पर भी टेंडर की कार्रवाई लंबित होने के चलते खरीद शुरू नहीं हो पाएगी। शेष 39 केंद्र के वर्क आर्डर जारी हो गए हैं, जिन पर खरीद की व्यवस्था है। वहां एक किसान ही माल को बेचने पहुंचा है।

#### बाजार से ज्यादा है समर्थन मूल्य, किसानों कराया रजिस्ट्रेशन

कोटा संभाग में सरसों के लिए 22 हजार और चने के 11 हजार किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इस बार सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5650 रुपए प्रति क्विंटल है, जबकि मंडी में 4700 रुपए प्रति क्विंटल औसत दाम मिल रहा है। 800 से 1000 रुपए प्रति क्विंटल सरसों के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम है। इसी तरह चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5440 रुपए प्रति क्विंटल है, जबकि मंडी में किसानों को 5250 प्रति क्विंटल दाम मिल रहा है। यह करीब 200 से लेकर 250 रुपए प्रति क्विंटल तक कम है।

---

**रिश्तों का कत्ल:** दो साथियों के साथ मिलकर की वारदात

# भूमि विवाद में नाबालिग ने चचेरे भाई के कुल्हाड़ी से किए 4 टुकड़े

**बेधड़क** | अजमेर

जिले में युवक की हत्या करने और उसके चेहरे के चार टुकड़े करने के मामले का पुलिस शुक्रवार को खुलासा कर दिया। आरोपी ताऊ का 17 वर्षीय नाबालिग बेटा ही निकला। उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया। इसके लिए उसने दोनों साथियों को 20 हजार रुपए भी दिए। मामला अजमेर के पुष्कर इलाके में 13 मार्च का है।

पुलिस ने नाबालिग को डिटेन कर अन्य दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि साल 2020 में युवक सूरज (24) के पिता कालूराम और नाबालिग आरोपी के पिता नाथू के बीच किशनपुरा स्थित बाड़े की जमीन को लेकर झगड़ा हुआ था। इसे लेकर कालूराम ने नाबालिग के परिवार के खिलाफ और नाबालिग के परिवार ने कालूराम के खिलाफ क्रॉस केस कर रखे थे।

4 महीने पहले आरोपी नाबालिग लड़के की पहचान अजमेर के मदारपुरा निवासी विशाल सिंह (22) और धनराज रावत से हुई। आरोपी डीजे बजाने का काम करता था, वहीं विशाल और धनराज भी डीजे के काम से जुड़े थे। इस दौरान नाबालिग ने अपने घर के झगड़े की बात इन्हें बताकर सबक सिखाने की बात कहीं। उसने विशाल और धनराज को 20 हजार रुपए में सूरज पर हमला करने के लिए मना लिया। हमले के करीब तीन दिन पहले से तीनों सूरज की रेकी कर रहे थे। इसी बीच 13 मार्च को युवक सूरज (24) बाइक से पुष्कर स्थित कपड़ा फैक्ट्री ओम काशी से शाम को घर जा रहा था। इसी दौरान तीनों आरोपी किशनपुरा गांव की सती माता रोड पर दो बाइक के साथ खड़े थे। सूरज जैसे ही वहां पहुंचा तो नाबालिक लड़के ने उसके साथी विशाल सिंह और धनराज रावत के साथ मिलकर कुल्हाड़ी से सूरज पर हमला कर दिया और उसे मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद तीनों मौके से फरार हो गए।



#### आरोपियों को गांव के युवक ने भागते देखा

वारदात के बाद तीनों आरोपियों को भागते हुए गांव के एक लड़के सुनील ने देख लिया। उस दौरान तो उसे कुछ समझ नहीं आया, लेकिन जब वह आगे आया तो सूरज जमीन पर पड़ा हुआ था, उसका पूरा शरीर लहुलूहान था। इसके बाद सुरेश ने सूरज के घरवालों को जानकारी दी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने नाबालिग लड़के के फोन को सर्विलांस पर ले लिया, साथ ही उसकी तलाश शुरू कर दी। आरोपियों को पकड़ने के लिए तीन थानों पुष्कर, पीसांगन, मांगलियावास की संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस ने आरोपियों को पुष्कर के मकरेड़ा के पास से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से कुल्हाड़ी और डंडे को भी जब्त किया है।

#### मेहनत मजदूरी कर पिता चल रहे परिवार

सूरज के परिवार में माता-पिता, एक छोटा भाई और दो बहनें हैं। पिता कालू मौर्य किशनपुरा के पटवार घर में निजी स्तर पर काम कर अपने घर का गुजारा चलाते हैं। छोटा बेटा महेंद्र स्कूल में पढ़ाई करता है। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। सूरज मौर्य पुष्कर की कपड़ा फैक्ट्री ओम काशी में सिलाई का काम करता था। सिलाई के काम से फ्री होकर इलेक्ट्रीशियन का काम भी करता था। वहीं आरोपी नाबालिग के पिता गांव में खेती-बाड़ी का करते हैं। उनके चार बेटे हैं। जिनमें से सबसे छोटा बेटा नाबालिग आरोपी है।

---

**BJP प्रदेशाध्यक्ष ने बोला** जुबानी हमला

## कांग्रेस सरकार ने अंतिम दौर में जनता को ठगने का काम किया: जोशी




**बेधड़क** | उदयपुर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी शुक्रवार को अपने अल्प प्रवास पर उदयपुर पहुंचे। यहां उन्होंने प्रदेश की पूर्व गहलोत सरकार पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम दौर में जनता को ठगने का प्रयास किया।

प्रदेश में बनी भाजपा की डबल इंजन सरकार ने अपने कार्यकाल के तीन महिने में ही जनता से किए कई वादों को भी पूरा कर दिया है। जोशी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी कर भजनलाल सरकार ने लोगों को राहत दी है। जोशी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 25 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। चित्तौड़गढ़ में निर्दलीय विधायक चंद्रभान सिंह आक्या समेत राजपूत समाज का विरोध और मेवाड़ के आदिवासी अंचल में बाप पार्टी के बढ़ते प्रभाव के सवाल के जवाब में सीपी जोशी ने कहा कि लोगों ने बीते 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम को देखा है। इस दौरान वे काम भी पूरे हुए, जिनके बारे में कोई अंदाजा नहीं लग सकता था। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने धारा 370, राम मंदिर जैसे बड़े निर्णय लागू कर अपने वादों को पूरा किया है। जोशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर संकल्प पत्र तैयार करने के लिए सभी विधानसभा में मोबाइल वैन घूम रही है जो लोगों से राय ले रही है।

इसी के आधार पर पार्टी जल्दी अपना संकल्प पत्र भी तैयार करेगी। जोशी ने निर्दलीय विधायक चंद्रभान सिंह आक्या के चुनाव लड़ने से संबंधित बयान पर कहा कि अगली बार जीतने के बाद उदयपुर में ही प्रेस कॉन्फ्रेंस करूंगा। भाजपा राजस्थान की सभी 25 लोकसभा सीटें जीतेगी।

---


**हनुमानगढ़ से खाटूश्यामजी** दर्शन को जा रहे थे

## ट्रेलर से टकराई कार, चालक की मौत

**बेधड़क** | सीकर

रतनगढ़ में मेगा हाईवे पर खाटूश्याम जी के दर्शन के लिए जा रहे यात्रियों की कार ट्रेलर से टकरा गई। दुर्घटना में 30 वर्षीय कार चालक की मौत हो गई तथा उसमें सवार मां व बेटे समेत चार लोग घायल हो गए।

घायलों को रतनगढ़ जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर 30 वर्षीय कार चालक अनमोल के शव को जिला



अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। जानकारी के अनुसार श्रीगंगानगर निवासी अनमोल कुम्हार, हर्ष कुम्हार, मायादेवी, अनिल कुम्हार एवं हनुमानगढ़ निवासी प्रमोद विश्नोई श्रीगंगानगर से श्याम बाबा के दर्शन करने खाटूश्यामजी जा रहे थे। रतनगढ़ में मेगा हाइवे पर गोगासर गांव में सामने से आ रहे ट्रेलर से कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार चालक अनमोल कुम्हार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हर्ष, मायादेवी, अनिल व प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

**मनचलों की खैर नहीं, सिविल ड्रेस में** तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी

## 'ऑपरेशन गरिमा' के तहत निर्भया स्कवॉड गठित

**बेधड़क** | बूंदी

शहर में महिलाओं एवं बालिकाओं से छेड़छाड़ एवं छींटाकशी करने वाले मनचलों की अब खैर नही है। जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा के निर्देशन में महिलाओं और लड़कियों पर छींटाकशी और छेड़छाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने को लेकर विशेष अभियान 'ऑपरेशन गरिमा' की शुरुआत की है।

अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा बून्दी शहर मे 'निर्भया स्कवॉड' का गठन किया है. निर्भया स्कवॉड में




सादा कपड़ों में पुरुष व महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगी जो महिलाओं और लड़कियों को छेड़ने वाले मनचलों पर नजर रखेंगे। महिला स्कवॉड सुबह 8 से रात्रि 9 बजे तक असामाजिक तत्वों, बदमाशों, मनचलों पर निगरानी रखते हुए कार्रवाई करेगी। जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया की राज्य सरकार एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार, महिलाओं एवं बालिकाओं का सम्मान एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं महिला अपराधों में कमी लाने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा के सुपरविजन मे 'ऑपरेशन गरिमा' अभियान शुरू किया है।

अभियान के तहत शहर में अब राह चलते या अन्य किसी भी माध्यम से महिला, बच्चे, बच्चियों के साथ कोई छेड़छाड़ और गलत हरकत करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान के तहत किसी भी प्रकार की घटना की तुरंत सूचना देने पर भी तुरंत कार्रवाई होगी।

---

**चार सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व अन्य कार्य शुरू**

# जोजरी नदी के फिरेंगे दिन... 400 करोड़ की लागत से संवरेगी सूरत

**बेधड़क** | जोधपुर

जोधपुर से होकर गुजरने वाली जोजरी नदी की दुर्दशा अब जल्द दूर होने वाली है। वर्तमान में गंदे पानी से दूषित हो चुकी नदी के दिन अब फिरने वाले हैं। शुक्रवार को यहां केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व राज्य सरकार के मंत्री जोगाराम पटेल ने चार बड़े सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व अन्य कार्यों की शुरूआत की।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि प्रदेश की पूर्व गहलोत सरकार ने इसकी फाइल चार साल से रोकी हुई थी। इस पूरी योजना पर करीब 400 करोड़ रुपए खर्च होंगे। गौरतलब है कि मारवाड़ में दो नदियों महत्वपूर्ण हैं लूणी और जोजरी। दोनों नदियां



जोधपुर के नजदीक से निकलती हैं। इनमें जोजरी नदी जोधपुर शहर से निकलने वाले गंदे पानी में परिवर्तित हो चुकी है। हालात ऐसे हैं कि गंदे पानी के तालाब और नदी में भेद करना मुश्किल है, लेकिन अब इस नदी के दिन फिरने वाले हैं। केंद्र व राज्य सरकार के बजट से इस नदी का पुनरुद्धार किया जाएगा। इस कार्य पर चार सौ करोड़ रुपए खर्च होंगे। पहले चरण में 162 करोड़ रुपए की लागत से नदी में आ रहे जोधपुर के गंदे पानी को ट्रीटमेंट करने के लिए चार बड़े सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और सहायक कार्य होंगे। शेखावत ने कहा कि 2019 में सरकार बनने के बाद मेरी प्राथमिकता में जोजरी नदी थी। इसके लिए राज्य सरकार को प्रपोजल भेजा गया।

उन्होंने कहा कि मेरे मंत्रालय के लोग जोधपुर आए और जोजरी नदी के क्षेत्र में पैदल घूमे, लेकिन अशोक गहलोत ने जोधपुर कलेक्टर के कार्यालय से बाहर फाइल नहीं निकलने दी। इसमें चार साल निकल गए। भजनलाल सरकार बनने के बाद राज्य सरकार ने तेजी से स्वीकृतियां जारी कि जिसकी बदौलत आज काम की शुरूआत हुई है। समारोह में विधायक अतुल भंसाली, भाजपा अध्यक्ष जगराम विश्नोई सहित अन्य नेता व मौजूद रहे।

#### गंदे पानी से खराब हो रहे आस-पास के खेत

शेखावत ने कहा कि 15वें वित्त आयोग से मैंने जोजरी नदी के पुनरूद्धार योजना के लिए राशि मांगी थी, जबकि अशोक गहलोत ने शहर में एलिवेटेड रोड मांगी। मैंने आयोग के अध्यक्ष से कहा कि एलिवेटेड रोड में मंत्रालय से ले आउंगा, आप जोजरी के लिए बजट स्वीकृत करें। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि जोजरी नदी का क्षेत्र 31 किमी का है। बनाड से लेकर आगे बड़े क्षेत्र में गंदे पानी से पूरे क्षेत्र के खेत खराब हो चुके हैं। पुनरूद्धार योजना में अलग-अलग चरण पूरे क्षेत्र में काम होंगे। खेतों में जाने वाले गंदे व रसायनिक प्रदूषित पानी की रोकथाम होने से किसान वापस खेती करने लगेंगे और लोगों का आर्थिक संकट समाप्त होगा। जबकि यह राशि 15वें वित्त आयोग से मिली है।

#### इजराइल की तकनीक से जोड़ेंगे

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि हमने इजराइल से समझौता कर अत्याधुनिक तकनीक का एसटीपी प्लांट अहमदाबाद में बनाया है। इसके परिणाम बहुत अच्छे होंगे। जोजरी के लिए भी जो एसटीपी बन रहे हैं, उसमें हम वही तकनीक काम में लेंगे। इससे किसानों को बुवाई के लिए बहुत बेहतर गुणवत्ता का पानी मिलेगा, जिसका फायदा पूरे क्षेत्र के लोगों को मिलेगा।

#### रिवरफ्रंट भी बनेगा

जलशक्ति मंत्री ने कहा कि करीब चार सौ करोड़ रुपए इस योजना के तहत खर्च होंगे। इसमें हम यहां पर ट्रीटेड वाटर का रिवर फ्रंट भी बनाएंगे। इससे सालावास गांव पर्यटन स्थल बन सकेगा। लोग आने वाले दिनों में आज जो बदबूदार नदी है, उसके पास बैठ कर चाय कॉफी पीएंगे, जिसका फायदा भी ग्रामीणों को मिलेगा।

## जरूरी खबर

### प्रथम पूज्य गजानन भक्तों संग खेलेंगे होली



**जयपुर।** मोती डूंगरी गणेश मंदिर में 20 मार्च को फागोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर गणेशजी भक्तों के संग गुलाल गोटे से होली खेलेंगे। गणेशजी को केसरिया कपड़े की नई पोशाक और केसरिया रंग का साफा धारण कराया जाएगा। शाम 5 बजे भक्तों के संग गुलाल, अभ्रक, फूल और गुलाल गोटो से होली खेली जाएगी। गणपति को ठंडाई का भोग लगेगा। शाम 6 बजे से मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। शेखावाटी के लोक कलाकार रघुवंद मिश्र एंड पार्टी डफ और चंग की थाप पर प्रस्तुति से भगवान को रिझाएंगे।

### अल्बर्ट हॉल का नाम अब होगा रामद्वार!



**जयपुर।** अल्बर्ट हॉल का नाम बदलने की चर्चा एक बार फिर चल पड़ी है। सूत्रों के मुताबिक राजस्थान सरकार अब अल्बर्ट हॉल का नाम बदलकर रामद्वार कर सकती है। इसकी घोषणा शनिवार को संभव है। दरअसल, शनिवार को लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आचार संहिता लागू हो जाएगी। सरकार इसके नाम की पहले ही घोषणा कर सकती है। सूत्रों की मानें तो नाम बदलने की तैयारी पूरी हो चुकी है। केंद्र की मुहर लगते ही बदले हुए नाम की घोषणा हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि इसके लिए एक समिति भी बनाई गई है। इस समिति ने अपना रिपोर्ट केंद्र के पास सब्मिट कर दी है। ऐसे में आचार संहिता लागू होने से पहले ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी। 2022 में गहलोत सरकार के दौरान अल्बर्ट हॉल के नाम बदलने को लेकर चर्चा चली थी। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा भी अल्बर्ट हॉल का नाम महात्मा गांधी के नाम पर बदलने की मांग कर चुके हैं।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


## छोटी काशी में सामाजिक सौहार्द की मिसाल





*जयपुर। छोटी काशी में शुक्रवार को गंगा-जमुनी तहजीब का नजारा देखने को मिला। एक ओर जहां जयपुर की सबसे बड़ी पदयात्रा रामगंज बाजार के कांवटियों का खुर्रा स्थित श्री श्याम मंदिर से रवाना हुई, वहीं जौहरी बाजार में रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा की गई। इस दौरान जामा मस्जिद के बाहर ऐसा संयोग बना कि इधर नमाजी नमाज अदा कर रहे थे और उनके बगल से पदयात्री निशान लिए निकल रहे थे।* **-फोटो: पंकज शर्मा**

### 70 दिनों से शहीद स्मारक पर दे रहे हैं धरना

# नौकरी के लिए युवा मित्र बने 'वीरू' टंकी पर चढ़ दी सुसाइड की धमकी

**बेधड़क** | जयपुर

नौकरी के लिए पिछले 70 दिनों से जयपुर के शहीद स्मारक पर धरना दे रहे युवा मित्रों का धैर्य जवाब देने लगा है। फिर से नियुक्ति की मांग को लेकर शुक्रवार को 12 युवा मित्र जयपुरिया हॉस्पिटल के पीछे पानी की टंकी पर चढ़ गए। इनमें युवतियां भी शामिल हैं। टंकी पर चढ़े युवा मित्रों ने कहा कि अगर सरकार ने समय रहते हमारी मांग को पूरा नहीं की तो हम आत्महत्या कर लेंगे। इसके लिए राजस्थान की भाजपा सरकार जिम्मेदार होगी।

दरअसल, दोपहर करीब 2:30 बजे पहले 7 युवा मित्र टंकी पर चढ़े। इसके बाद पांच और चढ़ गए। स्थानीय पुलिस और बड़ी संख्या में युवा मित्र मौके पहुंचे, लेकिन मौके पर समझाइश करने कोई नहीं पहुंचा। टंकी पर चढ़े युवा मित्र जितेंद्र गुर्जर ने कहा कि हम गांधीवादी तरीके से आंदोलन कर रहे थे। कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। इसलिए मजबूरन आज हमें पेट्रोल की बोतल लेकर टंकी पर चढ़ना पड़ रहा है। अगर इसके बाद भी सरकार ने नहीं सुना तो हम आत्महत्या करने को मजबूर होंगे। इसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी।



#### अब होगी आर पार की लड़ाई

राजीव गांधी युवा मित्र संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष संजय मीणा ने कहा- जायज मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। सरकार का कोई भी प्रतिनिधि हमसे बातचीत तक करने नहीं आया है, जबकि हमने हमारी मांगों को लेकर सरकार से लेकर प्रशासन के हर अधिकारी तक गुहार लगाई है। फिर भी कोई सुनने वाला तक नहीं है। इसलिए अब हमने आर पार की लड़ाई लड़ने का फैसला किया है। इसका नुकसान सरकार को लोकसभा चुनाव में भी उठाना पड़ेगा।

#### अब तक हो चुके 50 से ज्यादा बीमार

बता दें कि राजस्थान में लगभग 5000 राजीव गांधी युवा मित्र नौकरी कर रहे थे। जिन्हें भजनलाल सरकार के गठन के बाद हटा दिया गया था। इसके बाद जयपुर के शहीद स्मारक पर बेरोजगार हुए युवा मित्रों ने धरना शुरू कर दिया। जिसमें एक युवा मित्र की मौत हो गई जबकि 50 से ज्यादा युवा मित्र अब तक बीमार हो चुके हैं।

### ओपीडी भी अलग से होगी

## सीनियर सिटीजन के लिए जिला अस्पताल में होगा अलग वार्ड



**बेधड़क** | जयपुर

सीनियर सिटीजन के लिए हर सरकारी जिला अस्पताल में ट्रीटमेंट के लिए अलग से व्यवस्था होगी। इसमें वार्ड से लेकर ओपीडी में क्लिनिक तक अलग होंगे। इस व्यवस्था को 'रामाश्रय' नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एसएमएस का दौरा करने के दौरान इस संबंध में निर्देश दिए थे। इसी के चलते अब हेल्थ डिपार्टमेंट ने हर डिस्ट्रिक हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज से अटैच हॉस्पिटल में जीरियाट्रिक वार्ड और जीरियाट्रिक क्लिनिक बनाने के निर्देश दिए हैं।

इसकी शुरुआत हो गई है और राज्य के कुछ हॉस्पिटल में जीरियाट्रिक वार्ड बनाए गए हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि इन रामाश्रयों में 10 बैड होंगे, इनमें 5 बैड महिला और 5 बैड पुरूषों के लिए आरक्षित किए हैं। बैड के पास नर्सिंग अलार्म सिस्टम लगाए है, ताकि आपात स्थिति में मरीज तुरंत नर्सिंग स्टाफ को बुला सकें। वार्ड में फिजियाथैरेपी से संबंधित उपकरणों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा व्हील चेयर, ट्रोली, मेडिसिन कैबिनेट एवं अन्य आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध करवाया गया है। वार्ड का एक नोडल अधिकारी बनाया है, जो वार्ड की सभी व्यवस्थाओं का मैनेजमेंट करेगा। वार्ड में मरीजों की देखभाल के लिए अलग से नर्सिंग स्टाफ और साफ-सफाई के लिए कर्मचारी तैनात रहेंगे। जांच के लिए सैम्पल भी वार्ड से ही एकत्र किए जाएंगे और रिपोर्ट भी बैड पर ही उपलब्ध करवाई जाएगी। जीरियाट्रिक क्लिनिक में ओपीडी सेवाएं दी जाएगी, जिसमें रजिस्ट्रेशन काउंटर, जांच काउंटर, दवा वितरण केंद्र सब एक ही जगह होंगे, ताकि उन्हें अधिक समय कतार में नहीं खड़ा रहना पड़े।

### डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने किया सीकर रोड का दौरा

## मानसून पूर्व दूर करें जलभराव की समस्या

**बेधड़क** | जयपुर

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने मानसून से पहले सीकर रोड पर जलभराव की समस्या का समाधान करने और वीकेआई 14 नंबर पुलिया के नीचे चल रहे निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्रवार शाम को सीकर रोड के जलभराव और जाम लगने वाले प्वाइंट्स का दौरा करने निकली थीं। इस दौरान एनएचएआई के अधिकारी साथ रहे।

उप मुख्यमंत्री ने 14 नंबर पुलिया के नीचे चल रहे कार्य की प्रगति का भी जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए की इस



मानसून से पहले इन कामों को पूरा करें। गौरतलब है कि वीकेआई 14 नंबर पर जलभराव के कारण सड़क टूट जाती है और यहां जाम रहता है। उप मुख्यमंत्री ने पिछली विजिट के दौरान एनएचएआई के अधिकारियों को इस समस्या का स्थाई समाधान के निर्देश दिए थे। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद एनएचएआई ने इसके समाधान के लिए फ्लाइओवर के नीचे सीसी सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया है। इसके साथ ही 14 नंबर एरिया का सर्वे करवाकर ड्रेनेज प्लान तैयार करवा लिया गया है। इससे जलभराव की समस्या का समाधान होगा। सीकर रोड पर लगने वाले जाम एवं जल भराव की वर्षों पुरानी समस्या के स्थायी समाधान के लिए उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद 192 करोड़ की लागत से एनएचएआई द्वारा नींदड़ और टोडी मोड़ पर फ्लाइओवर मय ड्रेनज सिस्टम और सर्विस लाइन विकसित किए जा रहे हैं। इनका निर्माण 2025 तक पूरा हो जाएगा। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पूरे एरिया के लिए बेहतर ड्रेनेज प्लान तैयार कर यथाशीघ्र क्रियान्वित करवाने के निर्देश दिए।

### फागोत्सव में झूमे व्यापारी



*जयपुर। न्यू सांगानेर रोड व्यापार मंडल सोडाला की ओर से शुक्रवार को फागोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक गोपाल शर्मा भी शामिल हुए। इस दौरान जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, न्यू सांगानेर रोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला, संरक्षक तेज सिंह शेखावत, ओम राजोरिया, महामंत्री पंकज शर्मा, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर गुप्ता, स्थानीय पार्षद पवन शर्मा नटराज, श्याम नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे।*

### यूडीएच मंत्री ने 9 शहरों में की आवासीय योजनाएं लॉन्च, आज से कर सकेंगे आवेदन

# राजस्थान हाउसिंग बोर्ड बनाएगा 3 हजार से ज्यादा फ्लैट, इनमें से 423 'हमारे'

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड प्रदेश में 3001 मकान बनाएगा, जिनमें से 423 जयपुर में बनाए जाएंगे। इसके लिए यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शुक्रवार को 9 शहरों में राजस्थान हाउसिंग बोर्ड की आवासीय योजनाएं लॉन्च की। इस मौके पर यूडीएच मंत्री के साथ सांसद रामचरण बोहरा, जयपुर मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर, उप महापौर पुनीत कर्णावत भी मौजूद रहे। खर्रा ने प्रतापनगर में अखिल भारतीय सेवा (आईएएस) के अधिकारियों के बनाई आवासीय स्कीम के पहले फेज का लोकार्पण किया। पहले फेज में तैयार किए 180 फ्लैट्स का अब कब्जा दिया जाएगा। जयपुर के इंदिरा गांधी नगर में 200 फीट






चौड़ी गंगा मार्ग और सर्विस लेन में किए काम का लोकार्पण किया गया। इस रोड के तैयार होने से जगतपुरा से दांतली-सिरोली और बस्सी जाने के लिए बेहतर कनेक्टिविटी मिली। प्रताप नगर जयपुर के सेक्टर-28 में मुख्यमंत्री जन आवास के तहत ईडब्ल्यूएस के 480 और एलआईजी के 576 फ्लैट्स का निर्माण कार्य पूरा किया गया। इनका कब्जा देने की कार्रवाई अब शुरू की जाएगी। उदयपुर के साउथ एक्सटेंशन योजना में एलआईजी के 56 फ्लैट्स का काम पूरा किया गया। इनके भी कब्जा देने की कार्रवाई शीघ्र शुरू की जाएगी।

#### इन योजनाओं में आज से भर सकेंगे फार्म

**जयपुर:** वाटिका में एमआईजी 'अ' के 20 और एलआईजी के 5 मकान, प्रताप नगर सेक्टर 28 में एचआईजी के 336 मकान और अजमेर रोड पर महला में ईडब्ल्यूएस के 49, एलआईजी के 214 और एमआईजी 'अ' के 102 मकान बनाए जाएंगे। इसके लिए शनिवार से आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

**जोधपुर:** बड़ली में आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) 244, अल्प आय वर्ग (एलआईजी) 233, मध्यम आय वर्ग-(एमआईजी 'अ') 319, मध्यम आय वर्ग (एमआईजी 'ब') 157 व उच्च आय वर्ग (एचआईजी) 88 मकान बनाए जाएंगे।

**ब्यावर:** गढ़ी थोरियान में एमआईजी 'अ' के 8, एमआईजी 'ब' के 26 और एचआईजी के 9 मकान बनाए जाएंगे।

**किशनगढ़:** खोड़ा गणेश रोड पर एमआईजी 'अ' के 38, एमआईजी 'ब' 66 और एचआईजी के 38 मकान बनाए जाएंगे।

**आबू रोड:** मानपुरा आवासीय योजना में एमआईजी 'ब' के 18, आकड़ा भाटा में एमआईजी 'ब' के 25, एचआईजी 13, एलआईजी 18 और ईडब्ल्यूएस के 11 मकान बनाए जाएंगे।

**हनुमानगढ़:** डीटीओ ऑफिस के पास के नई आवासीय योजना में ईडब्ल्यूएस के 180, एलआईजी के 264 और एमआईजी 'अ' के 120 मकान बनाए जाएंगे।

**भिवाड़ी:** सेक्टर 4 और 7 में एमआईजी 'ब' के 6 और एचआईजी के 12 मकान बनाए जाएंगे।

**धौलपुर:** बाड़ी रोड पर स्थित योजना में एचआईजी के 25 मकान मकान बनाए जाएंगे।

**नागौर:** तुषार रोड स्थित योजना में ईडब्ल्यूएस के 58, एलआईजी में 48, एमआईजी 'अ' के 58, एमआईजी 'ब' के 24 के मकान बनाए जाएंगे।

**उदयपुर:** देवली हाउसिंग स्कीम में एमआईजी 'ब' के 18 मकान मकान बनाए जाएंगे।

# जीवनदायिनी नदियों को न बनाएं कूड़ा गाड़ी



रामभरोस मीणा
पर्यावरण कार्यकर्ता

सदियों से पवित्र निर्मल वर्षा जल के साथ एक लम्बे चौड़े क्षेत्र में एक स्थान से दूसरे स्थान को जल पहुंचाने वाले नाड़ी नाले नदी, महानदियां एक तरफ बदलते मौसम के मिजाज से अपने बहाव क्षेत्र को समेटते जा रही हैं, वहीं उनके बहाव क्षेत्रों की प्राकृतिक सम्पदा नष्ट होते जा रहीं है। इससे नदियों के आस पास भूमि की आर्द्रता खत्म होते हुए शुष्क व अनुपजाऊ बन रही है, जिसका पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इन्हें प्रशासनिक अनदेखी के साथ सीवरेज में बदला जा रहा है जो नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र पर विपरीत प्रभाव डालने के साथ नदी नालों के स्वभाव व उनकी प्रकृति को प्रभावित करने लगा है। परिणाम स्वरूप आम व्यक्ति को इस का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है क्योंकि इससे नदी के आस पास रहने बसने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं जिनकी नदी के बहाव व उसकी उपज से जीविका चलतीं है जो कटु सत्य है । कारण आज भी उस व्यक्ति परिवार समाज का मुख्य रोजगार कृषि तथा पशुपालन है, लेकिन बढ़ते शहरीकरण, औद्योगीकरण के साथ मानव की लालची प्रवृत्ति ने नदी, नालों-नाड़ियों को निगल सा लिया है जो अपना अस्तित्व खोने के कगार पर पहुंच गए हैं। यह चिंतनीय विषय है।

बढ़ते भौतिकवाद के साथ नदियों पहाड़ों का मिटाना औद्योगिक इकाईयों का तेजी से विस्तार करना प्राणवायु को कोसना क्या यही सच्चाई में विकास है? आखिर यह सब कब-तक चलेगा? क्या प्रकृति द्वारा प्रदत्त सभी संसाधनों पर मानव का अधिकार है? फिर वन्य जीव, पशु पक्षी, कीट-पतंगों का क्या होगा। वे कहां रहेंगे? आज दुनिया से आर्द्र भूमि गायब हो गई है, वन सिकुड़ते जा रहें हैं, सैकड़ों प्रजातियों की वनस्पतियां, कीट-पतंगे, पक्षियों की प्रजातियां नष्ट होते दिखाई दे रही हैं। आखिर ऐसा क्यों, क्या कारण है? इसका कौन जिम्मेदार होगा तथा परिणाम किसको भुगतान पड़ रहा है। यह सब एक विचारणीय विषय बन गए हैं लेकिन ना विज्ञान इन्हें बचाने की पैरवी कर रहा है और ना सरकार व समाज ही आगे आ रहे हैं। वैसे भी यह कार्य विज्ञान व सरकारें करने में सफल नहीं हो सकतीं। यदि ये कर सकते तो गंगा साफ हो चुकी होती। इन्हें साफ व स्वच्छ बनाने तथा बचाने के लिए सामाजिक स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति समाज समुदाय को आगे आना होगा और वह आवश्यकता आज महसूस हो रही है। इन्हें आगे आना चाहिए। आज यदि राजस्थान में फैली अरावली पर्वतमाला की बात करें तो पता चलता है कि इन पर्वत मालाओं के वो हिस्से जो छोटी पहाडियों में दिखाई देते थे 70 से 80 प्रतिशत क्षत-विक्षत हो चुकें हैं, 25 से 30 प्रतिशत मुख्य अरावली पर्वत माला के पहाड़ भी वैध या अवैध खनन के चलते खोखले कर दिए गए हैं। वहीं 60 से 65 प्रतिशत वन सम्पदा नष्ट हो चुकी है। मामला यहीं खत्म नहीं होता राजस्थान की सदाबहार नदी चम्बल भी बजरी निकाल कर खोखली कर दी गई है जिससे घड़ियालों का जीवन खतरे में है।

> देश की स्थानीय नदियां जहां एक तरफ गायब हो रही हैं, वहीं उनके बचे हुए शेष भाग को कूड़ा दान में तब्दील किया जा रहा है, जो नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र बिगाड़ने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ है।

अब हम स्थानीय नदियों की बात करें तो वो लगभग गायब सी हो गई हैं, उनका बहाव क्षेत्र अवरुद्ध कर दिया गया है । वहीं उन्हें फार्महाउस या कूड़ेदान या कूड़ा घरों में बदल दिया है। यह सब जयपुर शहर के आसपास की नदियों के साथ हो रहे व्यवहार से पता चलता है। दूसरे यदि देखें तो आज उभरते शहरों की सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी नदियों के पेटे में लगाने की कवायदें शुरू हो चुकी हैं, जैसा कोटपुतली नगर परिषद द्वारा किया जा रहा है। राजस्थान के जयपुर तथा अलवर जिलों में बहते हुए हरियाणा में प्रवेश कर यमुना जी में अपने को समर्पित करने वाली तथा राजस्थान व हरियाणा राज्यों के भू-गर्भ के जल को तालाबों की तरह भरने वाली साबी नदी जो पावटा, कोटपुतली, बहरोड़, नीमराना , मुंडावर, खैरथल के लिए वरदान मानी जाती रही थी, आज स्वयं के अस्तित्व को नहीं बचा पा रही है। वह अपने पेट में ज़हर निगलने को तैयार की जा रही है। यह नदी आगामी समय में मां नहीं रहकर डायन बन जाएंगी।

कोटपुतली नगरपरिषद से चार किलोमीटर दूर बहने के बावजूद भी शहर का मल मूत्र, जहरीले पानी को सीवर लाइन के माध्यम से चतुर्भुज गांव के पास नदी में डालने का काम टैक्नोक्राफट कंसट्रक्शन कम्पनी प्रा. लि. नोएडा द्वारा नगर परिषद के सहयोग से तैयार किया जा रहा है। कम्पनी 10 मेघा लीटर प्रतिदिन का सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाएगी, जिसमें प्रथम फेज़ में उत्तर-पूर्व दक्षिण- पूर्व तथा पूर्वी भाग के सभी परिवारों को जो नेशनल हाई-वे के पूर्व का हिस्सा है जिसमें अनुमानित 25 लाख लीटर पानी मल मूत्र अपशिष्ट को प्रति दिन नदी में डालने के लिए जोड़ा गया है। पावटा नगरपालिका के सम्पूर्ण कूड़ा कचरा निगल रही है यह।वहीं बहरोड़ नीमराना के अपशिष्टों को नदी तक पहुंचाने की सुगबुगाहट भी शुरू हो गई है। आखिर इस अमृत दायिनी मां स्वरूप साबी कों डायन क्यों बनाया जा रहा है, यह सोचने योग्य है। राज्य सरकार को नदी के महत्व तथा आगामी समय में उपजने वाली क्षेत्रीय समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए इस पर विचार करने के साथ साबी पर बनने जा रहे सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर रोक लगानी चाहिए जिससे नदी के पारिस्थितिक तंत्र बिगड़ने से बचें । वहीं नदी बहाव क्षेत्र में बनने वाले अवरोधों, कूड़ा पात्रों, जहरीले बदबू दार पानी से नदी कों बचाया जा सके। क्योंकि नदी के बहाव क्षेत्र में यदि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाते हैं या कचरे डाले जाते हैं उससे नदी का स्वभाव बदलता है। ऐसे में नदी अमृत की जगह ज़हर उगलने लगती हैं जो उस क्षेत्र में बसे लोगों, जानवरों, पशु पक्षियों और वनस्पतियों के लिए घातक होता है। इसलिए नदियों को स्वच्छ रखना बहुत जरूरी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## सिटीजन अमेंडमेंट एक्ट

# शरणार्थियों के लिए 'लाइफ लाइन'



डॉ. अमित वर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> नागरिकता से जुड़े जितने भी ऐसे मामले पेंडिंग हैं वे सब ऑनलाइन कन्वर्ट किए जाएंगे, पात्र विस्थापितों को सिर्फ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उसके बाद गृह मंत्रालय जांच करेगा और नागरिकता जारी कर देगा। देश में कई लोगों को भय है कि सीएए किसी भी भारतीय की नागरिकता छीन सकता है, तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। ना ही ऐसाकोई प्रावधान है।

नागरिकता शब्द का अर्थ है वह स्थिति जिसमें व्यक्ति एक देश के नागरिक के रूप में मान्यता प्राप्त करता है एवं नागरिक उस देश में उसके अधिकार होने को दर्शाता है। नागरिकता को प्राप्त होना विभिन्न अधिकारों और लाभों का होना संदर्भित देश की कानूनी और सामाजिक प्रक्रियाओं के अनुसार होता है। नागरिकता एक ऐसा रिश्ता है जो किसी व्यक्ति और किसी देश के बीच बनता है, यह रिश्ता कुछ अधिकारों और कुछ जिम्मेदारियों के साथ आता है। नागरिकों को देश के कानूनों और सुरक्षा व्यवस्था का संरक्षण मिलता है, साथ ही नागरिकों को देश के नेताओं को चुनने का अधिकार होता है। भारत का संविधान पूरे भारत के लिए एक ही नागरिकता का प्रावधान करता है। इसका मतलब है कि कोई भी व्यक्ति जो भारत में रहता है, चाहे वह किसी भी राज्य या क्षेत्र से हो, उसे भारत का नागरिक माना जाता है। इसके अलावा नागरिक को सरकारी पदों पर काम करने के मौके मिलते हैं।




भारतीय संविधान अनुच्छेद 11 के तहत, संसद को नागरिकता के अधिकार को नियंत्रित करने का अधिकार प्राप्त है, इसी अधिकार के तहत, 1955 में नागरिकता अधिनियम पारित किया गया था। यह कानून बताता है कि कौन भारत का नागरिक बन सकता है और कैसे। सातवीं अनुसूची के अनुसार, संसद को नागरिकता से संबंधित कानून बनाने का अधिकार है। भारत में सन् 1987 तक जन्मे किसी भी व्यक्ति को नागरिक माना जाता था। लेकिन बांग्लादेश से अवैध प्रवास की चिंता के कारण इन कानूनों में बदलाव किया गया, इसके बाद, नागरिकता के लिए यह आवश्यक हो गया कि कम से कम माता-पिता में से एक भारतीय हो। इसके पश्चात सन् 2004 में कानून में फिर से बदलाव किया गया, अब नागरिकता के लिए यह आवश्यक है कि माता-पिता में से एक भारतीय हो एवं दूसरा माता-पिता अवैध अप्रवासी न हो। आसान शब्दों में अवैध प्रवासी वे विदेशी नागरिक होते हैं जो भारत में बिना वैध यात्रा दस्तावेजों के प्रवेश करते हैं या जो वैध दस्तावेजों के साथ प्रवेश करते हैं, लेकिन अनुमति समय अवधि से अधिक समय तक रुकते हैं। अवैध प्रवासियों को विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम, 1920 के तहत जेल में डाला जा सकता है या निर्वासित किया जा सकता है। मौजूदा कानूनों के अनुसार, अवैध प्रवासी नागरिकता के लिए आवेदन नहीं कर सकते थे। उन्हें पंजीकरण या देशीयकरण के माध्यम से भारतीय नागरिक बनने से रोका जाता था। विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम ऐसे लोगों को प्रतिबंधित करते हैं और अवैध प्रवासियों को जेल या निर्वासन में डालने का प्रावधान करते हैं।

भारतीय नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 5 (ए) में भारतीय मूल का कोई भी व्यक्ति जो पंजीकरण के लिए आवेदन करने से पहले सात साल से भारत में सामान्य रूप से निवासी है, वह भारत का नागरिक बन सकता है। वह नागरिकता अधिनियम, 1955 के तहत देशीयकरण के माध्यम से भी व्यक्ति नागरिकता प्राप्त कर सकता है। इसमें पात्र होने के लिए, आवेदक को पिछले 12 महीनों के दौरान, साथ ही पिछले 14 वर्षों में से 11 वर्षों के दौरान भारत में रहना चाहिए।भारतीय नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 का उद्देश्य नागरिकता अधिनियम, पासपोर्ट अधिनियम और विदेशी अधिनियम में बदलाव करना है। यह बदलाव उन अवैध प्रवासियों के लिए नागरिकता प्राप्त करना आसान बनाता है जो तीन पड़ोसी देशों बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित हैं। सीधे तौर पर यह कानून अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई धर्मों के उन अवैध प्रवासियों पर लागू होता है जिन्हें धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने पर मजबूर होना पड़ा। यह उन लोगों को अवैध प्रवासन की कार्यवाही से बचाने के लिए बनाया गया है।

***इस कानून के तहत क्या बदलाव किए गए हैं?***

देशीयकरण की आवश्यकता इन छह धर्मों से संबंधित आवेदकों के लिए देशीयकरण की आवश्यकता को 11 वर्ष से घटाकर 5 वर्ष कर दिया गया है। नागरिकता के लिए कट-ऑफ तारीख नागरिकता के लिए कट-ऑफ तारीख 31 दिसंबर 2014 है, जिसका मतलब है कि आवेदक को उस तारीख को या उससे पहले भारत में प्रवेश करना चाहिए था।

***नागरिकता प्राप्त करने पर क्या होगा?***

ऐसे व्यक्तियों को भारत में उनके प्रवेश की तारीख से भारत का नागरिक माना जाएगा। उनके अवैध प्रवास या नागरिकता के संबंध में उनके खिलाफ सभी कानूनी कार्यवाही बंद कर दी जाएंगी।

***ओसीआई कार्ड धारकों पर क्या प्रभाव पड़ेगा?***

इस कानून में यह भी कहा गया है कि ओसीआई कार्ड रखने वाले लोग जो भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों को भारत में अनिश्चित काल तक रहने और काम करने की अनुमति देता है। यदि वे बड़े और छोटे अपराधों और उल्लंघनों के लिए स्थानीय कानूनों का उल्लंघन करते हैं, तो वे अपना स्टेटस खो सकते हैं। नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 में कुछ क्षेत्रों जैसे असम, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा के आदिवासी क्षेत्र को इसके प्रावधानों से छूट देता है। इसके अलावा इनर लाइन परमिट के तहत आने वाले क्षेत्र, बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन, 1873 के तहत छूट दी गई है। सरकार नें इन क्षेत्रों को छूट दी है क्योंकि इन क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों का बड़ा हिस्सा रहता है, जिनकी अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराएं हैं। नागरिकता संशोधन कानून के विरोध की सबसे बड़ी वजह यही है, कि विरोध करने वाले इस कानून को एंटी-मुस्लिम बताते हैं। उनका कहना है कि जब नागरिकता देनी है तो उसे धर्म के आधार पर क्यों दिया जा रहा है? इसमें मुस्लिमों को शामिल क्यों नहीं किया जा रहा? इस पर सरकार का तर्क है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान इस्लामिक देश हैं और यहां पर गैर-मुस्लिमों को धर्म के आधार पर प्रताड़ित किया जाता है, इसी कारण गैर-मुस्लिम यहां से भागकर भारत की षरण में आए हैं। इसलिए गैर-मुस्लिमों को ही इसमें शामिल किया गया है एंव कानूनन भारत की नागरिकता के लिए कम से कम 11 साल तक देश में रहना जरूरी है। लेकिन नागरिकता संशोधन कानून में इन तीन देशों के गैर-मुस्लिमों को 11 साल की बजाय 6 साल रहने पर ही नागरिकता दे दी जाएगी, बाकी दूसरे देशों के लोगों को 11 साल का वक्त भारत में गुजारना होगा, भले ही फिर वो किसी भी धर्म के हों। साल जनवरी 2019 में संयुक्त संसदीय समिति ने इस बिल पर अपनी रिपोर्ट पेश की थी, इस समिति के अध्यक्ष बीजेपी के राजेंद्र अग्रवाल थे। इस समिति में आईबी और रॉ के अधिकारियों को भी शामिल किया गया था, समिति की रिपोर्ट में बताया गया था कि 31 दिसंबर 2014 तक भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए गैर-मुस्लिमों की संख्या 31,313 थी। कानून लागू होने के तुरंत बाद इन्हें नागरिकता मिल जाएगी, इन लोगों में सबसे ज्यादा 25 हजार 447 लोग हिंदू और 5 हजार 807 सिख थे। इनके अलावा 55 ईसाई, बौद्ध और पारसी धर्म के 2-2 लोग थे, ये वो लोग थे जो धार्मिक प्रताड़ना के चलते देश छोड़कर भारत आकर बसे थे। सरकार ने इस पूरी प्रक्रिया को बहुत ही सरल एंव ऑनलाइन बनाया है, इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार किया गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# त्योरियां चढ़ा लेना और... चार बातें कर लेना!



सुनील कुमार महला
व्यंग्यकार

जब कोई व्यक्ति किसी कार्य में लगभग सफल होते हुए भी अंतिम समय में असफल हो जाना तो कहते हैं कि वह 'निन्यानवे के फेर' में फंस गया। मतलब यह कि 'निन्यानवे का फेर' बहुत नजदीक पहुंचकर भी अपने लक्ष्य को न प्राप्त कर पाने की स्थिति को दर्शाता है। खैर, जो है सो है। लेकिन आजकल लोग 'निन्यानवे के फेर ' में नहीं पड़ते। वो क्या है कि लोग आजकल सीधे 'चार सौ' के फेर में हैं।कभी अफ्रीकी व वेस्ट इंडीज के बल्लेबाज भी चार सौ के फेर में उलझे थे।

वैसे शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक भी जब यकायक चार सौ अंक तक बढ़ता है तो अलग ही बात होती है। वैसे इस चार सौ के फेर से राजनीति व राजनेता भी नहीं बच पाए हैं। चुनावी समय जो है। अबकी बार 'चार सौ पार'। निन्यानवे को लोग भूल गए और 'चार सौ' के फेर में फंस गए। सत्ताधारी 'चार सौ' के फेर में उलझे हैं। अब चार सौ को राजनीति में कोई चुनावी जुमला बताता है तो कोई अपना टारगेट। वैसे इस चार की चिन्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही है। खैर, हमें क्या लेना देना राजनीति और राजनीतिज्ञों से। वैसे न, चार का अंक है बड़ा खतरनाक। खतरनाक इसलिए क्योंकि ज्योतिष में ये नवग्रहों में राहु से जुड़ा हुआ अंक माना जाता है। इतना ही नहीं चार का अंक नेतृत्व कौशल वाले ऊर्जावान, जानकार, चतुर और आत्मविश्वासी व्यक्तियों को भी इंगित करता है।

किसी फोर व्हीलर में भी हालांकि छह टायर होने पर भी वह फोर व्हीलर ही माना जाता है। इसलिए चार का अंक बड़ा करामाती और रहस्यमय ही है। चार की बात करें तो चार पर एक मुहावरा भी काफी फेमस है - 'चार दिन की चांदनी और फेर अंधेरी रात।' इस मुहावरे को सुनकर सुनकर कभी कभी हमें डर लगने लगता है कि लोग चार या चार सौ के चक्कर में आखिर फंसे क्यों हैं? कहते हैं कि विनायक चतुर्थी के दिन चंद्रमा नहीं देखना चाहिए। ऐसा करना अपशकुन माना जाता है। एक बात बताऊं यदि कोई पैदल यात्री कहीं पर जा रहा होता है और अपनी मंजिल के नजदीक जाकर जब वह किसी से रास्ता पूछता है तो अक्सर यही कहा जाता है कि बस चार कदमों पर ही आपकी मंजिल है। भले ही वह मंजिल चार किलोमीटर ही दूर क्यों न हो। दरअसल, चार शब्द आदमी को ढ़ाढस भी बंधाता है। बहरहाल, आपको याद होगा महान कवि चंद्रबरदाई ने पृथ्वीराज चौहान को 'चार बांस चौबीस गज, अंगुल अष्ट प्रमाण, ता ऊपर सुल्तान है मत चुके चौहान' पंक्तियां कही थी। इसलिए हमें तो चार और चार सौ से हमेशा से डर लगता है। लेकिन हम भी इस जमाने के साथ ही चलना चाहते हैं, क्योंकि जो व्यक्ति जमाने के साथ नहीं चलता वह जमाने में पिछड़ जाता है। हमारे चार काव्य संग्रह हैं और चार कहानी संग्रह। अब हम चाहते हैं कि हम भी चार सौ व्यंग्य लिखने का जुमला तो कम से कम छोड़ ही दें। हम भी गला फाड़-फाड़कर चार चार चिल्लाएंगे तो क्या पता हम भी चार सौ व्यंग्य की एक किताब छाप पाए। कहते हैं कि बोलने वाले के ही बेर बिकते हैं। इसलिए आज से हम भी चार चार चिल्लाएंगे। वैसे आपका भी मन हमारे इस व्यंग्य पर चार गालियां बकने को है तो इसका हमें कतई बुरा नहीं लगेगा। अजी! जमाना जो 'चार' का है। तो आप भी हमारे इस व्यंग्य को पढ़कर अपने माथे पर चार बार त्योरियां चढ़ा लेना और हमारे इस व्यंग्य पर चार बातें कर लेना जी। जय राम जी की।

## नॉलेज कॉर्नर: कंपनियों का इसके पीछे खास मकसद

# हर घड़ी में 10 बजकर 10 मिनट का टाइम!

आपने अधिकांश बंद घड़ियों में देखा होगा कि उसमें 10 बजकर 10 मिनट समय दिखता है। ये समय टाइटन से लेकर केसियो, रोलेक्स, कार्टियर और ओमेगा समेत अधिकांश घड़ियों में देखने को मिलेगा। इतना ही नहीं, घड़ी की बड़ी-बड़ी कंपनियां अखबारों, टीवी चैनलों, होर्डिंग्स में जो विज्ञापन करती हैं, उसमें भी आपको ये ही समय दिखेगा, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि बंद घड़ियों में 10 बजकर 10 मिनट या 2 बजने में 10 मिनट का समय ही क्यों सेट होता है। दुनियाभर की नामी-गिरामी घड़ी कंपनियों की इस थ्योरी के बारे में विस्तार से जानने की कोशिश करते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### कई कहानियां प्रचलित

घड़ियों में 10 बजकर 10 मिनट के पीछे कई कहानियां हैं। लेकिन इसके पीछे का सच जो है वो बिल्कुल अलग है। क्योंकि घड़ी बनाने वाली कंपनियां हमेशा से ऐसा ही करती आ रही हैं। बता दें कि इसकी सबसे पहली वजह घड़ी की खूबसूरती को माना जाता है। दरअसल कंपनियों का मानना है कि जब घड़ी में 10 बजकर 10 मिनट का समय नजर आता है, तो वो बेहद खूबसूरत लगती है। वहीं इस समय पर कोई भी सुई एक दूसरे को ओवरलैप नहीं करती है।




### अमेरिकी कहानियां

इस समय को लेकर कुछ अन्य कहानियां भी हैं। जैसे कुछ लोगों का मानना है कि ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि इसी समय पर कई अमेरिकी राष्ट्रपतियों की मौत हुई थी। अमेरिकी लोगों को लगता है कि वहां के स्टोर में घड़ियों पर 10:10 का टाइम इसलिए सेट करके रखा जाता है, क्योंकि यह वही समय है जब अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन, जॉन एफ कैनेडी और मार्टिन लूथर किंग जूनियर की हत्या हुई थी।हालांकि यह सच बिल्कुल नहीं है।

### विक्ट्री का साइन

*जानकारी के मुताबित 10:10 बजने पर सुइयां कुछ इस तरह से सेट होती हैं कि कंपनी का लोगो और नाम स्पष्ट दिखाई देता है। क्योंकि ज्यादातर घड़ियों में कंपनी का लोगो और नाम बीचों-बीच लिखा होता है। सुइयों को इस समय पर सेट करने से दोनों ही चीजें छुपती नहीं है। घड़ी के विज्ञापन में 10 बजकर 10 मिनट पर सुइयां विक्ट्री का साइन बनाती हैं।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*



**अमित शाह,** केंद्रीय गृह मंत्री
**@AmitShah**
आज अपने लोकसभा क्षेत्र गांधीनगर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महान सेनानी को नमन किया।क्षेत्रवासियों से प्राप्त स्नेह व अभिनंदन से अभिभूत हूं। गांधीनगर लोकसभा के विकास और यहां की जनता के कल्याण के लिए पूरी तन्मयता से कार्य करता रहूंगा।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
यह आमजन की सरकार है, यहां जनता की सुनवाई भी होती है और उस पर कार्यवाई भी होती है..!!

### आईआईएस के एनुअल मीडिया फेस्ट 'विविधा' का हुआ आगाज

# मूल्यपरक, निर्भीक और बेबाक पत्रकारिता के लिए किया प्रेरित

**बेधड़क** | जयपुर

आईआईएस के स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज के दो दिवसीय एनुअल मीडिया फेस्ट-2024 विविधा के 12वें संस्करण का आगाज शुक्रवार को हुआ। मानसरोवर स्थित यूनिवर्सिटी कैंपस के विनायक हॉल में शुरू हुए कार्यक्रम में शहर के विभिन्न यूनिवर्सिटी व कॉलेजों के स्टूडेंट्स ने उत्साह से हिस्सा लिया। इंटरकॉलेजिएट फेस्ट में प्रतिभागियों ने ओपन माइक, आरजे हंट, कैरिकेचर डिजाइनिंग, फोटोग्राफी, फिल्म मेकिंग जैसी अनेक रोचक व रचनात्मक प्रतिस्पर्धाओं में अपनी क्रिएटिविटी और टैलेंट का बखूबी प्रदर्शन कर जजिंग पैनेलिस्ट को इम्प्रेस किया। कला, मानविकी और सामाजिक विज्ञान की डीन इला जोशी ने स्वागत भाषण दिया। फेस्ट के उद्घाटन समारोह के दौरान आईआईएस यूनिवर्सिटी के काउंसलर प्रो.केएस शर्मा, कला, मानविकी और सामाजिक विज्ञान की डीन इला जोशी,स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज और विभाग की काउंसलर क्षिप्रा माथुर मौजूद रहीं। समारोह के अंत में प्रो. अदिति पारीक ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया। आखिरी दिन शनिवार को भी अनेक रोचक व रचनात्मक प्रतिस्पर्धाएं होंगी।





### छात्रों को दी भारत के गौरवशाली इतिहास की जानकारी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता देश के नामी पॉलिटिकल कमेंटेटर एंड जर्नलिस्ट पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने मौजूदा पत्रकारिता की दशा व दिशा पर रोशनी डाली। उन्होंने स्टूडेंट्स को मूल्यपरक, निर्भीक और बेबाक पत्रकारिता के लिए प्रेरित किया। पत्रकारिता की अपनी जर्नी साझा करते हुए उन्होंने भारत के इतिहास और विशेष रूप से सनातन धर्म के बारे में रूबरू कराया। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गठन समेत राजनीति के विभिन्न पहलुओं और आयामों के बारे में बात की। जर्नलिस्ट पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ ने आगामी पार्लियामेंट इलेक्शन के मद्देनजर छात्रों को वोट कास्ट के समय ध्यान में रखी जाने वाली अहम बातों के बारे में जानकारी दी।

## Yuva स्टोरीज

### फैशन के रंगों से गुलजार हुआ 'रवाज'




**बेधड़क** | जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान में चल रहे वार्षिक उत्सव 'प्रवाह' के कार्यक्रमों की शृंखला में शुक्रवार को फैशन शो 'रवाज़' का आयोजन किया गया। इस समारोह में स्टूडेंट्स ने फैशन की नई शैलियों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिंगर राजवीर गुर्जर, निक्स बोहरा और काव्यानि मौजूद रहे। इसमें एसकेआइटी के हार्दिक जैन (सोलो बॉयज), खुशी (सोलो गर्ल्स), आस्था एंड शेखर, आईसीजी गर्ल्स कॉलेज टीम विजेता रहे । क्लैश ऑफ बैंड्स में भी छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । कई कॉलेजेज के बैंड्स ने इसमें भाग लिया, इनमें कलत्व टीम- एसकेआईटी विजेता रही। ऑटो-एक्सपो में लग्जरी और स्पोर्ट्स कारों के अनेक कंपनियों के मॉडल प्रदर्शित किए गए, जिसमे छात्रों को ऑटोमेटिव क्षेत्र की नवीनतम तकनीक के बारे में जानने का मौका मिला । इसी दौरान आयोजित 'उमंग' कार्यक्रम में आत्मनिर्भर वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का सम्मान किया गया। केक काटा गया, नृत्य, खेल और उपहार वितरित किए गए। इसी के साथ छात्रों ने पेंटिंग्स में अपनी कला का प्रदर्शन रंग-कला प्रदर्शन में किया। इसी शृंखला में स्टार सिंगर नवजोत आहूजा के नाईट शो में भारी भीड़ उमड़ी। नवजोत के गानों और नील छाबरा के संगीत पर पर छात्र झूमते, तस्वीरें क्लिक करते और अपने दोस्तों के साथ चीयर करते दिखे। छात्रों का उत्साह इस दौरान देखते ही बनता था, म्यूजिक के बीट्स पर छात्र अंत तक झूमते रहे।

### संस्कारों की आधार शिला है संस्कृत



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ, शाहपुरा बाग, आमेर रोड व केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला 'सरल मानक संस्कृतम्' का आयोजन शुक्रवार को किया गया। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से आए संयोजक डॉ. डम्बरूधरपति ने कहा कि संस्कृत के बिना भारत देश का अस्तित्व ही नहीं है। संस्कृत भारत के संस्कारों की आधारशिला है। कार्यक्रम में पूर्व संयुक्त निदेशक संस्कृत शिक्षा सत्यनारायण शर्मा, महामंडलेश्वर संत ज्ञानेश्वर पुरी, संस्थान अध्यक्ष पूर्व मंत्री बृज किशोर शर्मा भीा शामिल हुए। विद्यापीठ प्राचार्य डॉ. मनीषा शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

### युवाओं को दिए सर्टिफिकेट



**बेधड़क** | जयपुर

अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी में प्लान इंडिया संस्था के माध्यम से चलाए जा रहे सक्षम प्रोग्राम का ग्रेजुएशन डे शुक्रवार को मनाया गया। इस प्रोग्राम के दौरान सभी को जॉब रेडीनेस किट वितरण किया गया और कोर्स सर्टिफिकेट वितरित किया गया।संस्था के सीनियर मैनेजर चंद्र प्रकाश अरुण ने बताया कि अभी तक हमने जयपुर में सक्षम प्रोग्राम के माध्यम से 1650 युवाओं को प्रशिक्षित किया है,। 1200 को रोजगार मिला है। कार्यक्रम में सबर तौसीफ, मास्टर ट्रेनर वारिस खान, सेंटर मैनेजर नीतू गेरा, इमरान खान, निधि शर्मा, रंजीत वर्मा, अलमास हैदर, अनिल शर्मा आदि शामिल हुए।

### जेपीजीएस वार्षिकोत्सव में बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध

# नन्हे बच्चों ने रचा प्रतिभा का इंद्रधनुष

**बेधड़क** | जयपुर

जयश्री पेड़ीवाल ग्लोबल स्कूल ने अपने छात्रों की विविध प्रतिभाओं और उपलब्धियों का प्रदर्शन करते हुए अपना 5वां वार्षिकोत्सव भव्यता और उत्साह के साथ मनाया। इस वर्ष के आयोजन का प्रसंग 'चार्ली एंड द चॉकलेट फैक्टरी' रखा गया था। शाम की शुरुआत एक मनमोहक आर्केस्ट्रा प्रदर्शन जेपीआईटीईज इन सिम्फनी के साथ हुई, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके बाद स्कूल के अकादमिक निदेशक आयुष पेड़ीवाल ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए स्कूल की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। स्कूल रिपोर्ट ने छात्रों और शिक्षकों के समर्पण और कड़ी मेहनत को दर्शाते हुए शैक्षणिक और पाठ्येतर उपलब्धियों का एक व्यापक अवलोकन प्रदान किया। जयश्री पेड़ीवाल ग्लोबल स्कूल 'वृन्दगान' ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि सांस्कृतिक प्रमुखों ने विद्यालय के गौरव प्रतीकों की प्रेरक यात्रा को साझा किया।

शाम का मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह रहा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को चेयरपर्सन डॉ. जयश्री पेड़ीवाल, अकादमिक निदेशक आयुष पेड़ीवाल एवं प्रधानाचार्या मंजू खोसला ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर चेयरपर्सन डॉ. जयश्री पेड़ीवाल ने अपने संबोधन में बच्चों की समग्र शिक्षा और मूल्यों के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन से पहले स्कूल के मुख्य प्रतिनिधि छात्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान आयोजकों, प्रतिभागियों, उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों सहित कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन देश की एकता, गौरव के प्रतीक और देशभक्ति के उत्साह जगाने वाले 'राष्ट्रगान' की गूंज के साथ हुआ।








### 'चार्ली एंड द चॉकलेट फैक्ट्री' में दिखाई प्रतिभा

पारंपरिक भारतीय कला रूपों से लेकर वैश्विक मुद्दों तक विविध विषयों पर स्टूडेंट्स द्वारा जीवंत नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में एक सांस्कृतिक झलक जोड़ दी। इसके बाद नाटक 'चार्ली एंड द चॉकलेट फैक्टरी' ने अपनी मनमोहक कहानी और जीवंत प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह पावर पैक परफॉर्मेंस देखने लायक थी। इन नन्हे कुशल कलाकारों ने अपनी प्रतिभा, अभिनय कौशल, आत्मविश्वास से परिपूर्ण संवाद अदायगी और मासूमियत से दर्शकों का दिल जीत लिया।

### पीजीसी में एनुअल फेस्ट

# बैंड की धुन पर थिरके स्टूडेंट्स



**बेधड़क** | जयपुर

पीजीसी के एनुअल टेक्निकल, कल्चरल व स्पोर्ट्स फेस्ट 'आरोहण' के तहत शुक्रवार को सनम बैंड की परफॉर्मेंस हुई। बैंड के कलाकारों ने कई नए-पुराने गीत प्रस्तुत किए, जिन पर उपस्थित स्टूडेंट्स थिरकने को मजबूर हो गए। यह चार दिवसीय फेस्ट 'फिक्शनल स्पेक्ट्राः द वर्ल्ड ऑफ एनिमेटेड कैरेक्टर्स' थीम पर आयोजित किया जा रहा है।

दिनभर चली फेस्ट की टेक्निकल एक्टिविटीज में जहां स्टूडेंट्स के तकनीकी कौशल की कड़ी परख हुई, वहीं स्पोर्ट्स कॉम्पिटिशंस में टीम स्पिरिट व जीत का जज्बा देखने को मिला। दिनभर की एक्टिविटीज के बाद गुरुवार शाम को म्यूजिकल ईवनिंग में डीजे तेजस ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर स्टूडेंट्स को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कई गानों को अपनी खास धुनों के साथ मिक्स किया, जिन्हे स्टूडेंट्स ने काफी एन्जॉय किया। इससे पूर्व स्पोर्ट्स में वॉलीबॉल, बैडमिंटन, चेस, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, कैरम, 100 व 200 मीटर रेस, टग ऑफ वॉर, क्रिकेट, थ्री लेग रेस, कबड्डी, वेट लिफ्टिंग और टेबल टेनिस के शुरुआती मुकाबले हुए। इन सभी में स्टूडेंट्स के बीच जीत के लिए कड़ी मशक्कत देखने को मिली। टेक्निकल इवेंट्स में बीजीएमआई, स्नेप-ए-टन, रोबो सॉकर, रोबो वॉर, ब्लाइंड कोडिंग, गो कार्टिंग, फ्री फायर और कौन बनेगा कूपन पति जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित हुई।

कल्चरल कैटेगरी में सोलो-डुओ डांस, सिंगिंग, क्लासिकल डांस, स्टेज प्ले, बैंड परफॉर्मेंस, रैप रैम्पेज, नुक्कड़ नाटक, माइंड फेस्ट, मोनलॉग, फेस पेंटिंग, ट्रेजर हंट और फिल्म फ्लिकर आयोजित किए गए। फैशन शो में स्टूडेंट्स ने एआई से इंस्पायर्ड भविष्य के आउटफिट्स प्रदर्शित किए। फेस्ट में शनिवार को बॉलीवुड सिंगर अखिल सचदेवा की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण होगी।



**विमर्श** | RU में दयानंद सरस्वती के विचारों पर संगोष्ठी

# NEP में साकार हो दयानंद सरस्वती का शैक्षिक चिंतन

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने महर्षि दयानंद सरस्वती के भारतीय संस्कृति और राष्ट्रोत्थान के लिए किए कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालयों को चाहिए कि वे नई पीढ़ी को स्वामी दयानंद सरस्वती के विचार-अवदान से संस्कारित करते हुए समाजोत्थान में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करें। साथ ही स्वामीजी के 'वेदों की ओर लौटो' नारे के आलोक में उनके विचारों को आगे बढ़ाने का काम करें।

राज्यपाल कलराज मिश्र शुक्रवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के मानविकी सभागार में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'राष्ट्र-अभ्युदय एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के संवाहक महर्षि दयानंद सरस्वती' में संबोधित कर रहे थे। मिश्र ने कहा कि महर्षि दयानंद ने आजादी से पहले ही शिक्षा में नवाचार अपनाते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने की बात कही थी।

उन्होंने स्वामीजी के वैज्ञानिक चिंतन की चर्चा करते हुए कहा कि वैदिक संस्कृति के सूत्रों के सहारे उन्होंने पूरे विश्व को यह बताया कि भारत सभी क्षेत्रों में विश्वगुरु है। कर्मकांड से इतर स्वामीजी ने वेदों को विज्ञान से जोड़ते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया। उन्होंने नई शिक्षा नीति के संदर्भ में महर्षि दयानद सरस्वती के उस शैक्षिक चिंतन को आगे बढ़ाए जाने पर जोर दिया, जिसमें कहा गया है कि शिक्षा से ही मनुष्य में विद्यमान अज्ञानता, कुटिलता तथा बुरी आदतों से छुटकारा मिलता है।






### दयानंद चेयर की स्थापना की मांग

कार्यक्रम संयोजक प्रो. राजेश कुमार पूनिया ने संस्कृत विभाग में दयानंद चेयर की स्थापना की मांग के साथ पांच लाख रुपए अपने वेतन देने का ऐलान भी किया। इस मुद्दे को अकादमिक काउंसिल में रखने का आश्वासन कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने दिया। मुख्यवक्ता के रूप में सारस्वत अतिथि गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने स्वामी दयानंद के शिक्षा सुधार व स्वराज के कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

## जरूरी खबर

### संदेशखाली पीड़ितों ने राष्ट्रपति मुर्मू को दिया ज्ञापन



**नई दिल्ली।** संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। यह मुलाकात शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में हुई। इस दौरान पीड़ित महिलाओं ने संदेशखाली में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय की सुरक्षा के लिए राष्ट्रपति मुर्मु से दखल देने की मांग की। सेंटर फॉर एससी/एसटी सपोर्ट एंड रिसर्च के निदेशक डॉ. पार्थ बिस्वास ने बताया कि पीड़ित महिलाओं ने राष्ट्रपति मुर्मु को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के मुताबिक, पीड़ितों ने संदेशखली में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय की सुरक्षा के लिए राष्ट्रपति के हस्तक्षेप का अनुरोध किया है।

### मालदीव में भारतीय सैनिकों का पहला बैच बदला

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया है कि मालदीव में भारतीय सैन्य अफसरों के पहले दल को तकनीकी अफसरों से बदला जा चुका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक ब्रीफिंग में बताया कि एएलएच हेलीकॉप्टर का संचालन कर रहे भारतीय सैनिकों के पहले दल की अदला-बदली पूरी हो गई है। पिछले महीने विदेश मंत्रालय ने कहा था कि रक्षा अधिकारियों की वापसी के लिए भारत के तकनीकी अधिकारियों का एक बैच मालदीव पहुंच चुका है। इससे पहले, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी कहा था कि भारत और मालदीव के बीच आई दरार को समय के साथ कूटनीति के जरिये सुलझा लिया जाएगा।

### पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल रामदास का निधन



**हैदराबाद।** पूर्व भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल (सेवानिवृत्त) एल रामदास का शुक्रवार को एक सैन्य अस्पताल में निधन हो गया। रक्षा सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। रामदास (90) ने दिसंबर 1990 और सितंबर 1993 के बीच नौसेना प्रमुख के रूप में कार्य किया। रक्षा सूत्रों ने बताया कि उम्र संबंधी समस्याओं के कारण उनका निधन हो गया। रामदास के परिवार में उनकी पत्नी ललिता रामदास और तीन बेटियां हैं।

## देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो में आम लोगों ने किया सफर





**कोलकाता।** 6 मार्च को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में देश की पहली ऐसी ट्रेन का उद्घाटन किया था, जो पानी के अंदर चलती है। उद्घाटन के बाद से ही इस मेट्रो की चर्चा हर जगह होने लगी थी। ऐसे में शुक्रवार से आम लोगों के लिए सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। कोलकता मेट्रो ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि लोग इस अंडरवाटर मेट्रो में सफर करने के लिए उत्साहित हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि सफर करने के दौरान लोग "वंदे भारत' और 'भारत माता की जय' के नारे लगा रहे हैं।

### बीजेपी में अर्जुन सिंह और शुभेंदु की वापसी




**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में टीएमसी को झटका लगा है। तमलुक से टीएमसी के सांसद और बीजेपी के नेता शुभेंदु अधिकारी के भाई दिब्येंदु अधिकारी और सांसद अर्जुन सिंह शुक्रवार को बीजेपी में शामिल हो गए। दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में टीएमसी नेताओं ने बीजेपी के नेता अमिल मालवीय की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर अमित मालवीय ने बीजेपी की विचारधारा में विश्वास रखने वालों को पार्टी में शामिल होने का आह्वान किया।पिछले कुछ दिनों से अर्जुन सिंह को लेकर अटकलें चल रही थी। बैरकपुर से टिकट नहीं मिलने से नाराज अर्जुन सिंह ने ममता बनर्जी से बगावत कर दी है और वह फिर से बीजेपी में शामिल हो गए हैं। दिब्येंदु अधिकारी ने पार्टी के नेताओं को आभार जताया।

## इलेक्टोरल बॉन्ड: राजनीतिक दलों को चंदे का विवरण सार्वजनिक

# भाजपा को मिला छह हजार करोड़ से ज्यादा का डोनेशन

■ बसपा, सीपीआई-एम और एनपीपी को एक रुपए भी नहीं




**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के सख्त फरमान के बाद भारतीय स्टेट बैंक और निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण सार्वजनिक किया। इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से मिले करोड़ों रुपए का चंदा अब तक सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं था। हालांकि, एक मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट की तरफ से पारित सख्त आदेश के बाद एसबीआई ने बॉन्ड खरीदने वाले लोगों के नाम सार्वजनिक किए हैं।

एसबीआई ने अपनी सूचना निर्वाचन आयोग को मुहैया कराई। इसके बाद आयोग ने 14 मार्च की रात लगभग आठ बजे 700 पन्नों से अधिक का डेटा अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया। इसमें एक दस्तावेज बताता है कि बॉन्ड किसने और कितने मूल्य का खरीदा।

दूसरे डॉक्यूमेंट में बॉन्ड भुनाने वाली पार्टियों का विवरण दर्ज है। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि क्षेत्रीय राजनीतिक दलों को अप्रैल, 2019 से जनवरी, 2024 के बीच करोड़ों रुपए का चंदा मिला है। इसी अवधि में अकेले भाजपा को 6,060.51 करोड़ रुपए मिले। यानी देश के सभी क्षेत्रीय दलों को मिलाने के बाद भी भाजपा को 839 करोड़ रुपए अधिक चंदा मिला। भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (AAP) सरीखे राष्ट्रीय दलों को भी करोड़ों रुपए मिले।

### सत्तारूढ़ पार्टियों को करोड़ों चंदा मिला

जिन क्षेत्रीय सियासी दलों को 5221 करोड़ रुपए मिले हैं, इनमें पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस, आंध्र प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी-वाईएसआर कांग्रेस, दशकों से ओडिशा की सत्ता पर काबिज बीजू जनता दल (बीजद) और लगभग पांच साल पहले तमिलनाडु में सरकार बनाने वाली द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के नाम भी शामिल हैं। सबसे कम राशि हासिल करने वाली पार्टियों में महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी, जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस और गोवा फॉरवर्ड पार्टी का नाम शामिल है। इन दलों को चुनावी बॉन्ड के जरिए 1 करोड़ रुपए से कम मिले।

### क्षेत्रीय सियासी दलों को मिले 5221 करोड़ रुपए

| पार्टी का नाम | धनराशि (करोड़ में) |
|---|---|
| तृणमूल कांग्रेस | 1,609.53 |
| भारत राष्ट्र समिति | 1,214.70 |
| बीजू जनता दल | 775.50 |
| द्रविड़ मुनेत्र कड़गम | 639 |
| वाईएसआर कांग्रेस पार्टी | 337 |
| तेलुगू देशम पार्टी | 218.88 |
| शिव सेना | 159.38 |
| राष्ट्रीय जनता दल | 73.5 |
| जनता दल सेकुलर | 43.40 |
| सिक्किम क्रांतिकारी पार्टी | 36.5 |
| राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी | 31 |
| जन सेना पार्टी | 21 |
| समाजवादी पार्टी | 14.05 |
| जनता दल यूनाइटेड | 14 |
| झारखंड मुक्ति मोर्चा | 13.5 |
| अकाली दल | 7.2 |
| अन्नाद्रमुक | 6.05 |
| सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट | 5.5 |

### यूनिक आईडी नहीं देने पर एसबीआई को फटकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भारतीय चुनाव आयोग ने 14 मार्च को चुनावी बॉन्ड से जुड़े डेटा को जारी किया था। चुनावी बॉन्ड यानी इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा डेटा वही डेटा है जिसे चुनाव आयोग के साथ 12 मार्च को एसबाआई ने शेयर किया था। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर 2 लिस्ट जारी किए गए हैं। इसमें कुल 763 पन्ने हैं जिनमें चुनावी बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों और लोगों के नाम शामिल हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अब स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने वेबसाइट पर अपलोड किए जाने वाले डेटा को वापस करने को लेकर ईसीआई के अनुरोध को अनुमति दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शीर्ष अदालत के ज्यूडिशियल रजिस्ट्रार यह सुनिश्चित करें कि दस्तावेज को स्कैन और डिजिटल किया जाए और बार प्रक्रिया पूरी होने के बाद दस्तावेजों को ईसीआई को वापस दे दिया जाए। वह इसे 17 मार्च को या उससे पहले वेबसाइट पर अपलोड कर देगा। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने इस बाबत सोमवार तक एसबीआई से जवाब मांगा है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश के बाद एसबीआई ने बुधवार को भारतीय निर्वाचन आयोग को इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा सौंपा था। आदेश के मुताबिक गुरुवार को ही चुनाव आयोग ने इस डेटा को अपनी वेबसाइट पर अपोलड कर दिया है। हालांकि इसमें किसी भी बॉन्ड का यूनिक नंबर नहीं दिया गया है।

## चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति

# ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने संभाला पदभार



**एजेंसी** | नई दिल्ली

नवनियुक्त चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। दोनों चुनाव आयुक्तों का स्वागत मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने किया।

पूर्व नौकरशाहों को गुरुवार को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था। आयोग में दोनों ही पद हाल ही में अरुण गोयल के इस्तीफा देने और अनूप चंद पांडेय के 14 फरवरी को सेवानिवृत्त होने के चलते खाली हो गए थे। सुखविंदर संधू, पंजाब मूल के हैं और उत्तराखंड के चीफ सेक्रेटरी और NHAI के चेयरमैन रह चुके हैं। वहीं, ज्ञानेश कुमार 1988 बैच के केरल कैडर के IAS अफसर हैं और गृह मंत्रालय में तैनात रह चुके हैं। धारा 370 पर फैसले के वक्त गृह मंत्रालय में तैनात थे। सहकारिता मंत्रालय में सचिव पद से रिटायर हुए हैं। केरल कैडर के पूर्व आइएएस ज्ञानेश कुमार का नाता यूपी से है। वो आगरा विजयनगर के रहने वाले हैं। गैलाना रोड पर श्रीराम सेंटेनियल स्कूल उनके पिता डा. सुबोध गुप्ता चलाते हैं। छोटे भाई मनीष कुमार आगरा में उपायुक्त कस्टम एंड एक्साइज रह चुके हैं। इनकी बेटी मेधा रूपम आइएएस टापर रही हैं। छोटी बेटी भी आईएएस है।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई के लिए आज राजी हो गया है। कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम 2023 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को 21 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। इसमें मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से हटाने को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इसी के साथ 2023 के कानून के तहत नए चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश को चयन पैनल से बाहर रखा गया था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, दीपांकर दत्ता और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा ईसी के चयन के लिए एक बैठक पहले से तय की गई थी, इस तथ्य को इंगित करते हुए एक अलग आवेदन दायर करें।

## दक्षिण भारत के दौरे पर प्रधानमंत्री मोदी

# LDF-UDF यहां लड़ते हैं और दिल्ली में मिलते हैं गले

**एजेंसी** | तिरुवनन्तपुरम



केरल के पथनमथिट्टा में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाम पंथी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि केरल में भ्रष्ट और नाकाबिल सरकार होने का बहुत बड़ा नुकसान केरल के सभी लोगों को उठाना पड़ा रहा है। जिन राजनीतिक दलों का लक्ष्य केवल सत्ता प्राप्त करना है, वे कभी भी लोगों के कल्याण के लिए काम नहीं कर सकते।

एलडीएफ और यूडीएफ यहां एक-दूसरे से लड़ने का दिखावा करते हैं लेकिन दिल्ली में वे एक-दूसरे को गले लगाते हैं। कांग्रेस और वामपंथियों ने केरल को लूटा है। केरल के लोग इस बात को समझ चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल की संस्कृति आध्यात्मिकता से जुड़ी है, लेकिन यूडीएफ और एलडीएफ आस्था को कुचलने के लिए जाने जाते हैं।

एलडीएफ की पहचान सोना लूटने से है, यूडीएफ की पहचान सौर ऊर्जा लूट से है। इस लूट के खेल को रोकने के लिए मैं आज आपका आशीर्वाद मांगने आया हूं।

### अनिल एंटनी की तारीफ की

केरल के दक्षिणी हिस्से के खासी ईसाई आबादी वाले पथनमथिट्टा जिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समुदाय के साथ सीधा संपर्क साधने का प्रयास किया और कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री ए.के.एंटनी के बेटे अनिल के.एंटनी को युवाओं के प्रतीक के रूप में पेश किया। पिछले साल कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामने वाले अनिल एंटनी के संदर्भ में मोदी ने कहा, "केरल की राजनीति में इसी तरह की ताजगी की जरूरत है। एंटनी पथानामथिट्टा लोकसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार भी हैं।

### कोयंबटूर में मोदी के रोड शो को हाई कोर्ट से मिली मंजूरी

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोयंबटूर में 4 किमी लंबे रोड शो को लेकर मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु पुलिस को कुछ शर्तों के साथ मंजूरी देने का निर्देश दिया है। तमिलनाडु पुलिस ने आज सुबह कानून व्यवस्था संबंधी चिंता और परीक्षा के आयोजन का हवाला देकर पीएम मोदी की रैली को अनुमति देने से इनकार कर दिया था। साथ ही पुलिस की ओर से कहा गया था कि अन्य राजनीतिक दलों को भी इसी तरह से अनुमति देने से इनकार कर दिया गया था। इसलिए इस मामले में किसी भी पक्ष को निशाना बनाने का सवाल ही नहीं है। इस पर अदालत ने कहा कि प्रधानमंत्री की रैलियों या कार्यक्रमों की सुरक्षा में राज्य सुरक्षा तंत्र की भूमिका बेहद कम होती है, जिनकी सुरक्षा विशेष सुरक्षा समूह द्वारा की जाती है। भाजपा की तमिलनाडु इकाई ने 18 मार्च को कोयंबटूर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो को अनुमति देने से इनकार करने वाले पुलिस के आदेश को चुनौती देते हुए शुक्रवार को मद्रास हाईकोर्ट का रुख किया था।

## राहुल गांधी ने भाजपा को घेरा

# इलेक्टोरल बॉन्ड सबसे बड़ा 'जबरन वसूली गिरोह'

**एजेंसी** | ठाणे

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा लाई गई इलेक्टोरल बॉन्ड को दुनिया का सबसे बड़ा एक्सटॉर्शन रैकेट (जबरन वसूली गिरोह) करार दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इस योजना को अब रद्द कर दिया है। ठाणे में उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि योजना के माध्यम से एकत्र किए गए धन का इस्तेमाल राजनीतिक दलों को तोड़ने और विपक्षी सरकारों को गिराने के लिए किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एक दिन पहले ही इस योजना से जुड़े आंकड़े सार्वजनिक किए गए थे। राहुल ने कहा कि कुछ दिन पहले इलेक्टोरल बॉन्ड की सच्चाई देश को दिखी है। यह कंपनियों से हफ्ता लेने का तरीका है। कंपनियों से कॉन्ट्रैक्ट लेने का तरीका है। इसमें सेल कंपनी है। इसमें सीबीआई और ईडी से दबाव डालकर पैसा लिया जा रहा है। कंपनी पर केस होता है तो ठीक थोड़े दिन बाद बीजेपी को संबंधित कंपनी से पैसा मिलता है और हजारों करोड़ो रुपए का कॉन्ट्रेक्ट मिलता है। राहुल गांधी ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड और राज्यों में कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों की सरकारों द्वारा दिए गए अनुबंधों के बीच कोई संबंध नहीं है। राहुल गांधी अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के अंतिम चरण में महाराष्ट्र में हैं।

## राष्ट्रीय मरु नाट्य महोत्सव का शुभारंभ, स्वप्नापुर और दूसरा अध्याय नाटक का मंचन

# एक अभिलाषा पूरी होते ही दूसरी इच्छा पाल लेना इंसान की फितरत

बेधड़क | जयपुर

प्रोफेसर और छात्र के बीच सत्ता संघर्ष और यौन उत्पीड़न का आरोप। कौन सही है-कौन गलत? इस सवाल और परिस्थितियों को कलाकारों ने मंच पर बखूबी दर्शाते हुए कई मैसेज दिए। मौका था यूनिवर्सल थिएटर एकेडमी के 5वें बहुभाषीय राष्ट्रीय मरू नाट्य समारोह का, जिसमें बंगाली नाटक सेई स्वप्नापुर का मंचन किया गया।

बंगाली भाषा के इस नाटक ने कला प्रेमियों को रोमांचित कर दिया। गौरतलब है, कि रवीन्द्र मंच के मुख्य सभागार में 3 दिवसीय नाट्य समारोह में अलग-अलग भाषाओं के छः नाटकों का मंचन होगा। रोजाना दो नाटक होंगे। कार्यक्रम संयोजक केशव गुप्ता ने बताया कि समारोह में हिन्दी, बंगाली, संस्कृत भाषा के नाटकों का मंचन होगा।



### डायरेक्टर ने किया संवाद

सेई स्वप्नापुर संजय चट्टोपाध्याय द्वारा लिखित व सुरजीत सिन्हा द्वारा निर्देशित नाटक है। नाटक खत्म होने पर 10 मिनट निर्देशक सुरजीत सिन्हा से रंग संवाद किया गया, जिसके मोडरेटर राजेश आचार्य थे। इसके बाद अजय शुक्ला लिखित व केशव गुप्ता द्वारा निर्देशित नाटक 'दूसरा अध्याय' का मंचन किया गया।

### एक के बाद एक इच्छा पालता है इंसान


आधुनिक समय में समाज की बदलती तस्वीर को दर्शाता 'दूसरा अध्याय' खास रहा। दर्शाया गया कि इंसान की इच्छाएं अनन्त हैं और मन चंचल कभी स्थिर नहीं रहता। यह इंसान की फितरत है कि एक अभिलाषा पूरी होते ही दूसरी इच्छा पाल लेता है और यहीं से शुरू होता है जीवन का द्वंद्व। यह जरूरी नहीं कि जिंदगी मन के अनुसार चले। मन जो-जो ख्वाब देखता है, कोई जरूरी नहीं जिन्दगी में वे सभी पूरे हो जाएं। मन की अभिलाषाओं और जीवन मूल्यों के बीच का द्वंद नाटक में दिखाया गया।



### न चाहते हुए दे बैठी दिल

नाटक में नीरजा शादी के 12 साल बाद 2 बच्चों की मां बनने के बाद घर से पहली बार दिल्ली से मद्रास जाती है और उसकी मुलाकात अधेड़ उम्र के अविवाहित व्यक्ति अभय से होती है। अभय को न चाहते हुए भी दिल दे बैठती है और यहीं से कहानी कई बातों के जरिए आगे बढ़ती है।

## राज्यपाल को भेंट की पुस्तक



**बेधड़क. जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र को राजभवन में सूचना व जनसम्पर्क विभाग के पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ. गोविन्द पारीक ने अपनी पुस्तक 'रोल ऑफ होलिस्टिक मेडिसिन इन प्रेजेंट टाइम' की प्रथम प्रति भेंट की। उन्होंने बताया कि पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धतियों की वर्तमान समय उपयोगिता के आलोक में शोध कर पुस्तक का लेखन किया गया है। पुस्तक में चरक, सुश्रुत और अन्य भारतीय विद्वानों के संदर्भों से भारतीय चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी संस्कृति पर महती विमर्श के साथ ही आधुनिक संदर्भों में हमारे समृद्ध चिकित्सकीय ज्ञान की उपयोगिता पर निष्कर्ष दिए गए हैं। संस्कृति युवा संस्थान अध्यक्ष सुरेश मिश्रा इस दौरान मौजूद रहे।

## फागोत्सव में शक्ति वंदन



**बेधड़क, जयपुर।** फाग महोत्सव में जब शास्त्र, वेद, पुराण और उपनिषद में वर्णित मां के रूप का शक्ति वंदन और सम्मान किया गया तो श्रद्धालु भावुक हो गए। अवसर था सांगानेर वार्ड 89 पार्षद कार्यालय के पास स्थित महादेवरा मंदिर में फाग महोत्सव और संत समागम कार्यक्रम का। भगवाधारी पार्षद गिर्राज शर्मा ने बताया कि संत व महात्माओं के सानिध्य में चंग धमाल और भजनों के बीच लोगों ने फूलों की होली खेली। जयपुर नगर निगम ग्रेटर मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर ने महिलाओं के निवेदन पर भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पार्षद गिर्राज शर्मा ने मां शक्ति वंदन के रूप में शांति देवी का सम्मान किया। संतों व विधायक बालमुकुंदाचार्य ने आशीर्वचन में लोगों से धर्म की जड़ को मजबूत करने का आहान किया। इस अवसर पर त्रिवेणी धाम के रिछपाल दास महाराज और प्रकाश दास महाराज सहित अनेक संत उपस्थित रहे।

## City इवेंट्स

### ऊंटनी के दूध की हुई लॉन्चिंग



**बेधड़क. जयपुर।** अब लोग ऊंटनी का दूध भी पी सकेंगे। इसके लिए पशु पालन व डेरी मंत्री जोराराम कुमावत ने सरस का ऊंटनी का दूध लॉन्च किया। शुरुआत में ये बीकानेर में सरस डेयरी पर उपलब्ध होगा और फिर पूरे राज्य में पहुंचाया जाएगा। 200 एमएल पाउच पैकिंग की कीमत 20 रुपए होगी। लॉन्चिंग सेरेमनी में बीकानेर से आए ऊंट पालकों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि ऊंट आबादी के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर राजस्थान में पहली सरस मोबाइल दूध जांच प्रयोगशाला का भी हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की गई।

### पैरा स्विमिंग चैम्पियनशिप आज से

**बेधड़क, जयपुर।** दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान की ओर से सातवीं स्टेट लेवल पैरा स्वीमिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 16-17 मार्च को किया जाएगा। आयोजन सचिव चेतन राम ने बताया कि एसएमएस के इंटरनेशनल पूल में प्रदेश भर से 150 पैरा एथलीट भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में एमक्यूएस पास करने वाले प्लेयर्स नेशनल कॉम्पीटिशन में हिस्सा लेंगे।

### यंगस्टर्स को किया बिजनेस के लिए प्रमोट




**बेधड़क, जयपुर।** बिजनेस और सर्विस से जुड़ी जानकारी 1200 से ज्यादा बिजनेस प्रोफेशनल्स साझा करेंगे। वहीं, 150 से अधिक स्टॉल्स पर बिजनेस व सर्विसेज से जुड़ी जानकारी ली जा सकती है। इसके लिए बीएनआई बिज एक्सपो की राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शुरुआत हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगरीय विकास व स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किया। विशिष्ठ अतिथि के तौर पर जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व विधायक अशोक परनामी, गलता पीठ महंत अवदेशाचार्य महाराज और सौरभ राघवेंद्र महाराज मौजूद रहे। 17 मार्च तक चलने वाले एक्सपो में देश भर से विशेषज्ञ आए हैं। इस मौके पर बीएनआई जयपुर के एक्सिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षय गोयल ने कहा कि बीएनआई बिज एक्सपो मल्टी बिजनेस कैटेगरी शो है। इसका उद्देश्य बिजनेस नेटवर्क व बिजनेस प्रमोशन हैं। उन्होंने एक्सपो में करीब 10 हजार एंटरप्रेन्योर के आने की उम्मीद की है। मंत्री खर्रा ने कहा यंग एंटरप्रेन्योर को देश व प्रदेश के विकास में आगे आने का आव्हान करते हुए सरकार से यथा संभव मदद दिलाने का आवश्वासन दिया है।

## परामर्श और महिला ग्राम सभा अनुभव कार्यक्रम

# 14 जिलों से 50 सहभागियों ने 'संग चालो री' अभियान में लिया हिस्सा



बेधड़क | जयपुर

'संग चालो री' अभियान राजस्थान और कोऑर्डिनेशन हब की ओर से डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी में विकास के विभिन्न स्तरों पर सामूहिक प्रयासों में महिलाओं की सक्रिए भूमिका विषय पर परामर्श व महिला ग्राम सभा अनुभव से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान के 14 जिलों से 50 सहभागियों की उपस्थिति रही। योगेश कुमार ने महिलाओं को ग्राम सभा आयोजन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। अभियान से श्वेता त्रिपाठी ने महिला सशक्तीकरण के संदर्भ में महिलाओं की विभिन्न स्तरों पर निर्णायक भूमिका में महिलाओं को आगे बढ़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान जेंडर एक्सपर्ट मैत्रेयी ने महिलाओं की ग्राम विकास परियोजना की आयोजना में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। दिनेश चन्द्र व्यास ने प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन, नियंत्रण में महिलाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी। सोजीराम ने कहा कि ग्राम सभाओं को ग्रामवासी अपनी जिम्मेदारी के रूप में नहीं लेते हैं इसलिए ग्राम सभाएं प्रभावहीन हो जाती हैं।

अभियान में महिलाओं को एकजुट रखते हुए सामूहिक प्रयासों द्वारा उन्हें आगे बढ़ने व विभिन्न अवसरों से जोड़ने के लिए महिला दिवस पर महिला व किशोरी ग्राम सभा पखवाड़ा मानाया गया। राजस्थान के 15 जिलों में 22 पंचायतों में पंचायतों के साथ मिलकर 22 महिला विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया।

## उल्लेखनीय कार्यों के लिए उत्कृष्टता सम्मान

# महिलाओं का परिवार-समाज में पुरुषों से ज्यादा महत्वपूर्ण योगदान



बेधड़क | जयपुर


'महिलाओं का परिवार और समाज के लिए योगदान पुरुषों की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण है। इनको वास्तविकता में सम्मान मिलना चाहिए जिससे उनका मनोबल मजबूत हो सके।' यह बात वक्ताओं ने महात्मा गांधी अस्पताल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में कही। इस मौके पर उल्लेखनीय सेवाओं के लिए महिलाओं को उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इंडिया एजुकेशन ट्रस्ट की उपाध्यक्ष मीना स्वर्णकार तथा विशिष्ट अतिथि संस्थापक चेयरमैन डॉ. एमएल स्वर्णकार थे। कार्यक्रम में डॉ. स्वाति गर्ग, डॉ. उषा शेखावत, डॉ. रचना नारायण, डॉ. मनीषा निझावन, डॉ. बुशरा फिजा, डॉ. मनीषा चौधरी, डॉ. प्रियम्वदा गुप्ता, डॉ. मधु माथुर, डॉ. विजय माथुर, डॉ. आभा माथुर, डॉ. सुधा सरना, डॉ. मंजू राघव, डॉ. मंजू भास्कर, डॉ. अपर्णा गर्ग, डॉ. अनुषा वोरा, डॉ. शुचिता वाया, डॉ. तंजुल सक्सेना, डॉ. भावना सिंघल, दीप्ति भंसाली, रजनी हल्दिया, सीमा आहूजा, डॉ. नीरज चौहान, डॉ. विनीता बंसल तथा ज्योति वैदिक को उत्कृष्टता पुरस्कार दिए गए। इसके अलावा अस्पताल में दस वर्षों से अधिक समय सेवाएं देने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. वीसी डॉ. विनय कपूर, डॉ. एके शर्मा, डॉ. एनडी सोनी, डॉ. शोभित स्वर्णकार, जयाश्री स्वर्णकार, डॉ. सुधीर सचदेव, डॉ. नरेंद्र पडियार, डॉ. मनु सोनी, डॉ. हेमंत मल्होत्रा, डॉ. तरुण ओझा, डॉ. मुनीश कक्कड़, डॉ. आरसी गुप्ता, सुकांता दास, डॉ. शमसुद्दीन और अफसर आदि उपस्थित थे।

**मोटिवेशन** | मेरा वोट मेरा देश अभियान में युवाओं को किया जागरूक

# हस्ताक्षर कर लिया ज्यादा से ज्यादा मतदान का संकल्प

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान संगीत संस्थान में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में युवाओं ने हस्ताक्षर कर अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. दिलीप गोयल ने मतदान जरूर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, कि जो 18 वर्ष के हो गए हैं वे भी मतदान करें और हस्ताक्षर अभियान में भाग लेकर दूसरों प्रेरित करें।








### अभियान में जुड़ने का किया आह्वान

अभियान मेरा वोट मेरा देश मतदान आयोजन में वरिष्ठ सदस्यों में प्रोफेसर विजयेंद्र गौतम, प्रोफेसर सीमा सक्सेना व अन्य संकाय सदस्यों ने मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही मतदान के लिए हस्ताक्षर अभियान में भाग लेने और मतदान सभी को करने के लिए आह्वान किया गया।

### अन्य लोगों को भी करेंगे प्रेरित

प्रभारी प्रोफेसर डॉ. सुनीता श्रीमाली ने कहा, कि सभी आवश्यक रूप से मतदान करें। समय-समय पर अनेक कार्यक्रमों में युवाओं को मतदान पंजीकरण कराया गया है और मेरा देश मेरा वोट अभियान की निरंतता में यह अभियान किया गया है। इस पर युवाओं ने ज्यादा से ज्यादा वोट करते हुए अपने अधिकार को अपनाने का संकल्प लिया। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया जैसे माध्यमों से अन्य लोगों को भी वोटिंग के लिए प्रेरित करने की बात कही। युवाओं को वोटिंग प्रक्रिया के बारे में बताया गया और उन्होंने विशेषज्ञों से सवाल-जवाब करते हुए अपनी जिज्ञासा शांत की।

समस्या को समझने के लिए उत्तर की इच्छा से मुक्ति आवश्यक है।



विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

**मतदान शुक्रवार को हुआ शुरू, दो दिन और चलेगी वोटिंग**

# रूस की सत्ता पर एक बार और काबिज होंगे पुतिन!

**एजेंसी** | जयपुर

यूक्रेन के साथ छिड़े युद्ध के बीच व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति के रूप में एक और छह साल के कार्यकाल के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को रूसी नागरिकों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। ऐसा नहीं है कि पुतिन ही अकेले चुनाव लड़ रहे हैं बल्कि उनके प्रतिद्वंद्वियों में कम्युनिस्ट पार्टी के निकोलाई खारितोनोव, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के लियोनिद स्लटस्की और न्यू पीपल पार्टी के व्लादिस्लाव दावानकोव शामिल हैं। शुक्रवार को रूसी नागरिकों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस बार तीन दिनों तक वोटिंग होगी, जो शुक्रवार से शुरू हुई व 17 मार्च तक चलेगी। सत्ता पर मजबूत पकड़ के साथ ही व्लादिमीर पुतिन की अपेक्षित चुनावी जीत ने सस्पेंस बढ़ा दिया है। हालांकि, विश्व की निगाहें इस ओर टिकी हुई हैं कि चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद उनका अगला कदम क्या होगा।



### 24 साल से एकछत्र राज

पुतिन पिछले 24 साल से रूस की सत्ता पर काबिज हैं और विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई ने उनके प्रभुत्व को और भी ज्यादा मजबूत करने का काम किया है। यूक्रेन के साथ दो साल से भी ज्यादा समय से युद्ध चल रहा है और ऐसे में रूस को पश्चिम देशों के कई प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा, फिर भी रूसी अर्थव्यवस्था पर इसका असर न के बराबर दिखाई दे रहा है, जो मॉस्को की मजबूती रणनीतिक कौशल की सफलता है।

### चुनाव के बाद क्या होगा अगला कदम?

पुतिन की अपेक्षित जीत के बाद उनके अगले कदमों पर अटकलें लगाई जा रही हैं। माना जा रहा है कि पुतिन कड़े नियमों को लागू कर सकते हैं। उन्होंने पिछले साल एलजीबीटीक्यू+ समुदाय को बड़ा झटका देते हुए समलैंगिक विवाह और लिंग परिवर्तन पर प्रतिबंध लगाते हुए फैमिली वैल्यूज को बढ़ाने की बात कही थी। दुनिया रूस की घरेलू और विदेशी नीतियों में संभावित बदलावों को लेकर सतर्क और आशंकित नजर आ रही है।

**गाजा में राहत का इंतजार कर रहे लोगों पर हमला**

# गोलीबारी में 20 मरे

**एजेंसी** | गाजा सिटी

इजरायल-हमास की जंग को महीनों हो चुके हैं लेकिन गाजा में मौतों का सिलसिला लगातार जारी है। कई बच्चों समेत आम नागरिक गोलीबारी और बमबारी का शिकार हो रहे हैं। गाजा में खाने और जरूरत की चीजें मदद के रूप में पहुंचाई जा रही हैं। इस बीच इजराइल की गोलीबारी में भोजन सहायता का इंतजार कर रहे कई लोग मारे गए। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस हमले में लगभग 20 लोग मारे गए हैं और 150 से अधिक घायल हुए हैं। ये हमला गाजा में कुवैती चौराहे पर हुआ, जहां आमतौर पर सहायता ट्रक भोजन लेकर पहुंचे थे। अल शिफा अस्पताल की आपातकालीन इकाई के डॉक्टर मोहम्मद गराब ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। रिपोर्ट के अनुसार, मौके पर मौजूद एक गवाह ने बताया कि दर्जनों लोगों की मौत हो गई है। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस घटना को 'इजराइली बलों द्वारा गाजा में कुवैती चौराहे पर मानवीय सहायता की प्रतीक्षा कर रहे नागरिकों के एक समूह को निशाना बनना करार दिया है।



### समुद्री रास्ते से भी पहुंच रही मदद

गाजा में जमीन, हवा और समुद्र से मानवीय सहायता पहुंच रही है। पहली बार, मानवीय सहायता समुद्र के रास्ते गाजा पहुंच रही है। मानवीय सहायता लेकर यूएई द्वारा वित्त पोषित एक जहाज मंगलवार को रवाना हुआ। आईडीएफ ने गुरुवार को बताया कि इजराइल के साथ चल रहे युद्ध के बीच, हमास की ऑपरेशंस यूनिट के एक कमांडर मुहम्मद अबू हसना को राफा क्षेत्र में सटीक निशाना बनाया गया और मार गिराया गया।

### इजराइल को ठहराया जिम्मेदार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इलाके में किसी तोपखाने या टैंक की आग जैसी आवाज से हमला किया गया। गाजा नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने गुरुवार को एक बयान में हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया। बसल ने बताया कि इजराइली कब्जे वाली सेना अभी भी उत्तरी गाजा पट्टी में होने वाले अकाल के परिणामस्वरूप राहत सहायता की प्रतीक्षा कर रहे निर्दोष नागरिकों को मारने की नीति का अभ्यास कर रही है। इस बीच, इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने घोषणा की कि मानवीय सहायता पहली बार समुद्र के रास्ते गाजा में प्रवेश करेगी।

**ब्रिटेन ने स्वामित्व के लिए विदेशी कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध**

# मीडिया पर विदेशी कब्जा रोकने की कवायद

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटिश सरकार ने ब्रिटेन में समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के स्वामित्व पर विदेशी सरकारों पर प्रतिबंध लगाने की योजना की घोषणा की है। यह कदम संयुक्त अरब अमीरात समर्थित फर्म रेडबर्ड आईएमआई द्वारा डेली टेलीग्राफ और स्पेक्टेटर के प्रस्तावित अधिग्रहण के विवाद के बीच उठाया गया है। संसद में डिजिटल बाजार अधिनियम में संशोधन के रूप में पेश किए गए नए कानून का उद्देश्य स्वतंत्र प्रेस की रक्षा करना है। अबू धाबी द्वारा बहुसंख्यक वित्त पोषित और पूर्व सीएनएन कार्यकारी जेफ जकर के नेतृत्व वाली कंपनी ने इस खबर पर निराशा व्यक्त की है।

### क्या है टेलीग्राफ अधिग्रहण विवाद?

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, द टेलीग्राफ और स्पेक्टेटर समाचार पत्रिका दोनों के अधिग्रहण के लिए अबू धाबी समर्थित निवेश फर्म रेडबर्ड आईएमआई की बोली को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ब्रिटिश संस्कृति मंत्री स्टीफन पार्किंसन ने विदेशी राज्यों को ब्रिटिश समाचार पत्रों को नियंत्रित करने से रोकने के लिए डिजाइन किए गए मौजूदा मीडिया कानून में प्रस्तावित संशोधनों की रूपरेखा तैयार की।

### सेना में महिलाओं को भर्ती करेगा डेनमार्क

**कोपेनहेगन।** डेनमार्क ने अपनी सेना में महिलाओं को भी भर्ती करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही पुरुषों और महिलाओं के लिए सेना में सेवाकाल को चार महीने से बढ़ाकर 11 महीने किया जाएगा। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेट फ्रेडरिकसन ने कहा कि नई रणनीति का लक्ष्य सेना में युवाओं का अनुपात बढ़ाना है।

**बेटे ने की थी गोलीबारी, माता-पिता को भी जेल**

# पूरे परिवार की जिंदगी कटेगी जेल में

**एजेंसी** | मिशिगन

अमेरिका में एक 17 वर्षीय छात्र के गोलीबारी करने के मामले में कोर्ट ने छात्र व उसके माता-पिता को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वर्ष 2021 में मिशिगन में ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल में 17 वर्षीय छात्र के गोलीबारी कर चार छात्रों की हत्या करने व सात को घायल करने के मामले में कोर्ट ने उसके माता-पिता जेम्स क्रम्बली और जेनिफर को भी दोषी ठहराते हुए कहा कि छात्र के मानसिक स्वास्थ्य की चिंताओं के बावजूद अपने बेटे को बंदूक का इस्तेमाल करने पर माता-पिता ने बड़ी लापरवाही दिखाई। हालांकि, जेम्स क्रम्बली के वकील ने अपनी सफाई में कहा कि माता-पिता को अपने बेटे के मानसिक बीमारी के ऐसे कोई संकेत नहीं दिखे जिससे कोई खतरा हो। गौरतलब है कि एथन क्रम्बली ने उसी बंदूक से स्कूल में गोलीबारी की थी जो उसके माता-पिता ने तोहफे में दी थी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान जेम्स क्रम्बली पूरी तरह चुप रहे।

**टाइटैनिक-2 की तैयारी**

# फिर लहरों पर सजेगा 'लग्जरी' का शहर

**एजेंसी** | बेंगलुरू

112 साल बाद एक बार फिर इतिहास दोहराने जा रहा है। 1912 में डूबे टाइटैनिक जहाज की तर्ज पर एक बार फिर टाइटैनिक 2 जहाज बनाने की तैयारी हो रही है। ऑस्ट्रेलिया के अरबपति और पूर्व सांसद क्लाइव पालमर ने इसे बनाने की पूरी प्लानिंग कर ली है। इसके लिए टेंडर देने का काम भी तेजी से शुरू हो गया है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पालमर ने दावा किया है कि टाइटैनिक-2 पहले वाले टाइटैनिक से कई ज्यादा बेहतरीन होगा और यात्रियों को पूरी लक्जरी के साथ ट्रैवल करने का मौका मिलेगा। दुनिया के 732वें सबसे अमीर व्यक्ति क्लाइव पालमर ने इस हफ्ते सिडनी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। यहां उन्होंने कहा कि टाइटैनिक II बनाने का सपना अभी भी बरकरार है। अगले साल की शुरुआत में जहाज का निर्माण कार्य शुरू करने की योजना बना रहे हैं। बता दें कि टाइटैनिक II जहाज प्रोजेक्ट दो बार कैंसिल हो चुका है। हालांकि, अब क्लाइव मानते है कि अधिक पैसे होने के कारण प्लानिंग पहले से अधिक सुरक्षित और वास्तविक है।



### कौन हैं क्लाइव पालमर?

69 वर्षीय क्लाइव पालमर ऑस्ट्रेलिया के 13वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। वह ऑस्ट्रेलियाई खनन कंपनी के मालिक है, जिसकी शुरुआत 1984 में हुई थी। खनन व्यवसाय के अलावा, पालमर एक रियल एस्टेट निवेशक और राजनेता भी हैं। वह 2013 से 2016 तक ऑस्ट्रेलियाई संसद के सदस्य थे। उन्होंने 2012 में पहली बार टाइटैनिक II जहाज बनाने की घोषणा की थी।

### हूबहू पहले टाइटैनिक जैसा होगा जहाज

इस जहाज को हूबहू पहले टाइटैनिक जैसा तैयार किया जाएगा। इसमें वही मशहूर सीढियां, स्मोकिंग रूम, थिएटर, कैसीनो, अलग-अलग क्लास के लोगों के लिए खाने का इंतजाम भी शामिल होगा। इसमें थर्ड क्लास के लोगों के लिए कैफेटेरिया भी तैयार किया जाएगा। जहाज 833 फीट लंबा और 105 फीट चौड़ा होगा। 9 डैक वाले इस जहाज में 835 केबिन होंगे, जिसमें 2345 यात्री ट्रैवल कर सकेंगे। फर्स्ट क्लास के 383, सेकंड क्लास के 201 और थर्ड क्लास के लिए 251 कमरे तैयार किए जाएंगे। टाइटैनिक II की पहली यात्रा जून 2027 में निर्धारित की गई है और यह इंग्लैंड से न्यूयॉर्क तक चलेगी।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl